

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | गुरूवार, 16 जनवरी 2025 | वर्ष: 02, अंक: 332, पृष्ठ: 8, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


## सोनिया गांधी ने पार्टी के नए मुख्यालय का किया उद्घाटन

### सोनिया गांधी और कांग्रेसाध्यक्ष खरगे ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया

**नई दिल्ली**
कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने बुधवार को नई दिल्ली में 9ए, कोटला रोड स्थित पार्टी के नए मुख्यालय (इंदिरा गांधी भवन) का फीता काटकर उद्घाटन किया। इससे पहले पार्टी का ध्वजारोहण किया गया और झंडा गीत तथा राष्ट्र गान हुआ। इस अवसर पर सोनिया गांधी और कांग्रेसाध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संयुक्त रूप से फीता काटकर औपचारिक रूप से उद्घाटन किया। इस अवसर पर खरगे ने उपस्थित कांग्रेसजनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह कांग्रेस के लिए ऐतिहासिक क्षण है। पिछले 47 वर्षों से कांग्रेस का मुख्यालय 24, अकबर रोड में रहा है। आज मुख्यालय का उद्घाटन हमारी पार्टी के इतिहास में एक मील का पत्थर है। इंदिरा गांधी भवन के नाम से पार्टी का स्थायी दफ्तर बनना हम सबके लिए गर्व की बात है। यह भवन उसी इलाके में बना है, जहां हमारे महान नायकों ने सोचा था। 31 दिसंबर 1952 को पं. जवाहर लाल नेहरू की अध्यक्षता में सीडब्ल्यूसी की मीटिंग में यह तय हुआ था। उस दिन की आवाज थी कि इसी क्षेत्र में कांग्रेस मुख्यालय बने। नेहरू की उस ख्वाहिश को आज सोनिया गांधी ने पूरा किया। इसकी आधारशिला 28 दिसंबर 2009 को कांग्रेस के 125वें स्थापना दिवस पर सोनिया गांधी की



देखरेख में रखी गई थी। इसलिए हमने उनसे उद्घाटन करने के लिए भी अनुरोध किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आजादी की लड़ाई के सबसे कठिन दौर 1920 से 1947 तक कांग्रेस का मुख्यालय इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में स्वराज भवन में था, जहां इंदिरा गांधी का जन्म हुआ था। इसीलिए इस नए मुख्यालय का नाम इंदिरा भवन रखा गया है। कांग्रेस मुख्यालय पहले जंतर मंतर फिर राजेंद्र प्रसाद रोड और 1978 से 24 अकबर रोड पर है।

### 'जो लोग कहते हैं कि भारत को 1947 में स्वतंत्रता नहीं मिली, यह हर एक भारतीय का अपमान है'

संघ और भाजपा पर देश के इतिहास से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देशवासियों और कांग्रेसजनों को देश का इतिहास याद रखना चाहिए। डा.आंबेडकर ने कहा था कि वो इतिहास नहीं बना सकते, जो इतिहास को भूल जाते हैं। इस मौके पर लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि नया मुख्यालय कोई साधारण भवन नहीं है, बल्कि यह देश की मिट्टी से निकला है। उन्होंने कहा कि जो लोग कहते हैं कि भारत को 1947 में स्वतंत्रता नहीं मिली, यह हर एक भारतीय का अपमान है। अब समय आ गया है कि हम इस बकवास को सुनना बंद कर दें, क्योंकि ये लोग सोचते हैं कि वे बस रटते रहेंगे और चिल्लाते रहेंगे। इस अवसर पर एआईसीसी के महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रियंका गांधी, अजय माकन, कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और सांसद, विधायक तथा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कांग्रेस मुख्यालय ईंट और पत्थरों की इमारत नहीं बल्कि यह विचारों का केंद्र रहा है: सोनिया गांधी



कांग्रेस मुख्यालय ईंट और पत्थरों की इमारत नहीं बल्कि यह विचारों का केंद्र रहा है। यह देश के लिए 'स्कूल आफ डेमोक्रेसी' है। पहले कांग्रेस मुख्यालय से आजादी की लड़ाई लड़ी गई, फिर राष्ट्र निर्माण का कार्य हुआ, जिसके लिए महात्मा गांधी, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी जैसे कई लोगों ने शहादत दी। खरगे ने कहा कि 28 दिसंबर 1885 को कांग्रेस के पहले अधिवेशन से लेकर अब तक के सभी नायकों को याद और नमन किया। उन्होंने कहा कि इस साल देश के संविधान के 75 साल और गांधी जी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के 100 साल पूरे हो रहे हैं। अपने विचारों की ताकत पर कांग्रेस कायम है। दादा भाई नौरोजी, महात्मा गांधी, सरोजिनी नायूड, सरदार पटेल, पंडित नेहरू, मौलाना आजाद, सुभाष चंद्र बोस और राजेंद्र प्रसाद आदि हमारी विरासत हैं। नेहरू की अगुवाई में किए गए प्रयासों से ही देश सबसे बड़ा लोकतंत्र बना। आंबेडकर ने दुनिया का सबसे बेहतरीन संविधान दिया। लाल बहादुर शास्त्री ने ज? जवान जय किसान की थ्योरी दी। उन्होंने इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रित्वकाल के तमाम सुधारवादी कार्यक्रमों और 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध का जिक्र कर कहा कि देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नाम पर बना यह नया कांग्रेस मुख्यालय मातृशक्ति का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस मुख्यालय उनके विरुद्ध लड़ाई का केंद्र बनेगा, जो संविधान को खतरे में डाल रहे हैं।

## आईटीसी ने भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए डीपीआईआईटी के साथ साझेदारी की

**नई दिल्ली**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के** उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) ने भारत के अग्रणी व्यापार समूहों में से एक आईटीसी लिमिटेड के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी की है। डीपीआईआईटी ने उद्यमिता और नवाचार को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने के लिए यह अहम कदम उठाया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि यह समझौता ज्ञापन (एमओयू) विशेष रूप से गतिशील साझेदारी का माहौल तैयार करेगा, जिसमें आईटीसी के व्यापक बाजार नेटवर्क के विशाल अनुभव और विशेषज्ञता देशभर में स्टार्टअप्स को सहयोग देने में डीपीआईआईटी की पहल का पूरक बनेगी। यह सहयोग देशभर में स्टार्टअप्स के लिए सुगठित बाजार सृजित करने और स्टार्टअप विकास तथा तकनीकी प्रगति में तेजी लाने के साझा दृष्टिकोण के अनुरूप है।

## मार्क जुकरबर्ग के बयान पर मेटा ने मांगी माफी, कहा -अनजाने में हुई गलती

**नई दिल्ली**
मेटा के भारत और दक्षिण एशिया के सार्वजनिक नीति निदेशक शिवनाथ ठुकराल ने सोशल मीडिया पर मार्क जुकरबर्ग के बयान के लिए माफी मांगी।






# जिलाधिकारी ने एफपीओ को मार्केटिंग के लिए अधिक से अधिक सुविधायें उपलब्ध कराने के दिये निर्देश

**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। डीएम** मधुसूदन हुल्गी द्वारा उदयन सभागार में 22 कृषक उत्पादक संगठनो के संतृप्तीकरण अभियान अन्तर्गत जनपद स्तरीय मॉनीटरिंग समिति की समीक्षा बैठक की गई।




बैठक में जिलाधिकारी ने एफपीओ के सदस्यों से वार्ता कर एफपीओ द्वारा किये जा रहें कार्यों यथा-उत्पादित उत्पाद के मार्केटिंग एवं टर्नओवर आदि की जानकारी प्राप्त करते हुए उनकी समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारित करने के निर्देश दियें। उन्होंने एफपीओ के सदस्यों से कहा कि जिस भी स्तर पर आपको समस्या आ रहीं है तो अपनी समस्या से तत्काल अवगत करायें। उन्होंने किसानों को मार्केट से जुड़कर कार्य करने के लिए प्रेरित किया, ताकि जनपद का उत्पादन अन्य मार्केटिंग चैनलों पर प्रसारित हो सकें और उत्पाद का अच्छा मूल्य किसानों को प्राप्त हो सकें। इसके लिए उन्होंने विभिन्न एफपीओ से आए हुए किसानों का बोर्ड डायरेक्टर से बात कर समन्वय स्थापित करने के साथ-साथ मार्केटिंग की सुविधा के लिए उनको जागरूक किया। उन्हांने बैठक में उपस्थित सदस्यों से केला व अन्य फसली उत्पादन के साथ-साथ प्रशंस्करण के सम्बन्ध में जागरूक किया, ताकि उत्पाद को जनपद के नाम से जाना जाय एवं वह सभी ऑनलाइन मार्केटिंग में एक अपनी पहचान बना सकें। उन्हांने कहा कि एफपीओ के तहत जनपद का किसान अपने उत्पाद को लेकर अच्छी जानकारी के साथ-साथ इसकी प्रोसेसिंग प्रशंसकरण एवं मार्केट में अच्छा पैसा कमा सकें और एफपीओ का रेवेन्यू बढ़ा सकें। उन्होंने उप कृषि निदेशक से कहा कि एफपीओ को कैम्प लगाकर लाइसेन्स देने की कार्यवाही करायी जाय। एफपीओ को मार्केटिंग के लिए अधिक से अधिक सुविधायें उपलब्ध करायी जाय, जिससे उनकी आमदनी और बढ़ सकें।

उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी द्वारा समिति के सदस्य, बोर्ड डैरेक्टर, कृषक उत्पादक संगठनो को तकनीक खेती, कृषि योजना से लाभ व उत्पादों के विपरण के लिए प्रेरित किया गया।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 ए0के0 सागर, कृषि विज्ञान केन्द्र के डॉ0 आशीष श्रीवास्वत, आइफा से नवकी, आईएफएफडीसी से नवीन द्विवेदी एवं डीएसएपी से डॉ0 अखिलेश सहित एफपीओ के कृषकगण उपस्थित रहें।

## महिलाओं को 1076 व 1090 के बारे में किया जागरूक



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। पुलिस अधीक्षक** कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक/आरक्षियों द्वारा चौराहों/बस स्टैण्ड/टैक्सी स्टैण्ड/जिला अस्पताल/विद्यालय/गांव व कस्बा में भ्रमण कर/चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

इस क्रम में थाना सैनी व थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए/चौपाल लगाकर/कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों/छात्राओं/महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया । महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- (1) 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, (7) 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा (8) 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि* के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं (1)सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना (2)मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना (3)अभ्युदय योजना (4)मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना (5)निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना (6)राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना (7) आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी ।

## तीन अन्तर्जनपदीय लुटेरा पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, दो तमंचा,कारतूस, नगदी सोने-चांदी के आभूषण, बरामद







**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल फतेहपुर के द्वारा अपराध व अपराधियों** व टॉप टेन अपराधियों तथा माफियाओं व वांछित व पुरस्कार घोषित अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के निकट पर्वेक्षण में व पुलिस क्षेत्राधिकारी बिंदकी, फतेहपुर के कुशल निर्देशन में इंटेलिजेंस विंग व थाना बकेवर पुलिस टीम की संयुक्त टीमों द्वारा देर रात की रात्रि को थाना क्षेत्रांतर्गत देवमई नहर पुलिया के पास चेकिंग की जा रही थी एक हीरो स्पिलेंडर मोटरसाइकिल से 03 व्यक्ति आते दिखाई दिये उन्हे रोकने का प्रयास किया गया तो संदिग्धो द्वारा तेजी से गाड़ी वापस मोड़कर देवमई नहर पुलिया के पास शाहजहांपुर की तरफ नहर पटरी पर भागने का प्रयास किया, तो फिसल कर मो0सा0 सहित गिर पड़े तथा अपने आप को घिरता हुआ देख पुलिस की तरफ लक्ष्य कर फायरिंग करने लगे, आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गयी फायरिंग में अभि0 वकील पुत्र मुनीम के दाहिने पैर में, शमीम उर्फ सलीम पुत्र वसीम के बायें पैर में गोली लगने से घायल हो गये तथा अभियुक्त राकेश उर्फ मो0 रफीक उर्फ भण्डोल पुत्र जलालुद्दीन उर्फ लल्लू को दौडा कर पकड लिया गया । घायल अभियुक्तों को पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर इलाज हेतु सीएचसी बिंदकी ले जाया गया । अभियुक्तों के कब्जे से 2 अदद देशी तमंचा, 2 अदद दोनो तमंचों में एक- एक कारतूस, 2 अदद खोखा कारतूस, 2 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर,1 अदद मंगल सूत्र पीली धातु (ग्राम ककरैया में चोरी के संबंध में मु0अ0सं0 168/24 धारा 305 बीएनएस थाना बकेवर पर पंजीकृत), 02 अदद पायल सफेद धातु, 02 अदद सोकबन्द (हथफूल) सफेद धातु, व 3500/- रुपये नगद ( ग्राम चकमदा जैनपुर में चोरी के संबंध में मुकदमा पंजीकृत है।) व एक हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, एक अदद पिट्ठू बैग जिसमें चोरी हेतु दरवाजा/ताला तोडने के उपकरण, 01 अदद बैट्री (चोरी के संबंध में बताया आज रात्रि को दिलावल मोड़ पर गुमटी का ताला तोड़ कर चोरी किये) व 315/- रुपये नगद बरामद किये गये ।

## निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत पूर्ण कराये जाने का डीएम ने दिए निर्देश

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। जिलाधिकारी** मधुसूदन हुल्गी द्वारा निमार्णाधीन परियोजना कौशाम्बी पर्यटन स्थल को प्रयागराज मुख्यालय वाया एयरपोर्ट से जोड़ने वाले निमार्णाधीन फोर लेन मार्ग, बौद्ध थीम पार्क, गेट कंपलेक्स तथा यमुना नदी में निमार्णाधीन सेतु का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन सेतु



के निर्माण कार्य को त्वरित गति से गुणवत्तापूर्ण ढंग से जून माह 2025 तक पूर्ण करायें जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दियें। उन्होंने फोरलेन रोड के निर्माण कार्य को भी तीव्र गति से कराते हुए कार्य को माह-अप्रैल 25 तक पूर्ण करायें जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने अन्य परियोजनाओं के निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत पूर्ण कराये जाने के निर्देश दियें। निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत पूर्ण कराये जाने के निर्देश दियें। निरीक्षण उप जिलाधिकारी मंझनपुर आकाश सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अजीत प्रताप सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, निर्माण खंड परियोजना प्रबंधक सेतु निगम तथा परियोजना प्रबंधक उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड उपस्थित रहें।

## युवाओं को फेक न्यूज व साइबर अपराध के बारे में किया जागरूक

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी । बाराबंकी** पुलिस टीम द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में स्थित डॉ0 डठर मेमोरियल इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइन्स (मेयो मेडिकल कॉलेज) में उ0प्र0 पुलिस के अभियान में डिजिटल वॉरियर की पहल करते हुए जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फेक न्यूज के खण्डन, साइबर अपराध के प्रति जागरूकता एवं पुलिस के सराहनीय कार्यों को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर व्यापक रूप से प्रसारित किए जाने के लिए युवा पीढ़ी के सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स एवं कॉलेज/डिग्री कॉलेज के छात्रों को उ0प्र0 पुलिस का "डिजिटल वॉरियर" बनाए जाने के सम्बन्ध में



जागरुक किया गया। डिजिटल वॉरियर को प्रशिक्षित कर आलोचनात्मक सोच को विकसित कर किसी भी जानकारी का विश्लेषण और सत्यापन करके साइबर क्राइम एवं फेक न्यूज को रिपोर्ट कर करने, साथ ही सामाजिक दायरे में फेक न्यूज एवं साइबर अपराध के प्रति अपने परिवारीजनों एवं मित्रों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित करेंगे। संस्थान में 'साइबर क्लब' स्थापित कर एक शिक्षक को इसका नोडल अधिकारी नामित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर सुमित त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना संजीव कुमार यादव, प्रभारी निरीक्षक साइबर सेल विनय राय मय टीम, प्रभारी मीडिया सेल अंकित त्रिपाठी मय टीम, थानाध्यक्ष महिला थाना श्रीमती मुन्नी देवी मय टीम, मुख्य आरक्षी नीरज यादव साइबर सेल, आरक्षी राजन यादव साइबर सेल आदि अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## चोरी के सामान के साथ 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार

**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना** सैनी पुलिस उ०नि० अंजनी सिंह व चौकी प्रभारी आलोक राज मय हमराह पुलिस बल द्वारा दो दिन पहले की रात्रि में खादबीज भंडार सैनी में हुयी चोरी से सम्बन्धित 5 अभियुक्तों प्रदीप पुत्र रामप्रकाश . रामप्रकाश पुत्र स्व० मन्नूलाल निवासीगण इब्राहिमपुर उर्फ दूल्हापुर थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी . अभितेश पुत्र सरोज कुमार . अंकित कुमार पुत्र सरोज कुमार . सरोज कुमार पुत्र रामलाल निवासीगण नौढिया सौरई बुजुर्ग थाना कड़ाधाम जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल तथा खादबीज भंडार सैनी से चोरी हुये माल जिसकी कीमत लगभग 03 लाख रुपए है, को बरामद किया गया।




## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशांबी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के** क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो पहिया/चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 107 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही में 18 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में ( थाना मंझनपुर से 06, थाना कौशाम्बी से 04, थाना सराय अकिल से 03, थाना पिपरी से 02, थाना संदीपनघाट से 01, थाना मो०पुर पइंसा से 02) कुल 18 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान मा० न्यायालय किया गया।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर महिलाओं को किया जागरूक



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों,** कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर एण्टी रोमियो टीम द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, कन्या सुमंगला योजना आदि तथा सहायतार्थ उपलब्ध कराये गये विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया ।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने गणतंत्र दिवस की दृष्टिगत पुलिस लाइन परेड का किया निरीक्षण

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार सिंह द्वारा** आगामी गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत पुलिस लाइन कौशाम्बी में रिहर्सल परेड का निरीक्षण किया गया एवं टोलीवार परेड का रिहर्सल कराया गया व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।





## घुंघटेर पुलिस द्वारा 2 वांछित गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार** सिंह के निर्देश पर हत्या आरोपियों की तलाश में घुंघटेर पुलिस ने दो आरोपियों गिरफ्तार कर लिखा पड़ी करते हुए जेल भेज दिया।

थाना घुंघटेर पुलिस टीम द्वारा हत्या आरोपी पवन कुमार पुत्र सहजराम, लक्ष्मी यादव उर्फ लक्ष्मी नारायन पुत्र ईश्वरदीन निवासीगण ग्राम घरसैता मजरे अटहरा थाना घुंघटेर जनपद बाराबंकी को ग्राम जमोलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।



## आपसी मनमुटाव को भुलाकर दम्पति साथ रहने को हुए राजी

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। पति-पत्नी** के मध्य पारिवारिक विवाद से संबंधित मामलों में मध्यस्थता/काउंसलिंग की दैनिक कार्यवाही के क्रम में बुधवार को प्रभारी निरीक्षक संगीता सिंह व काउंसलर सदस्य श्रीमती मंजू शर्मा , श्रीमती साधना देवी व बिंदकी से काउंसलर सदस्य श्रीमती सुनीता गुप्ता जी 01 प्रकरण में समझौता कराया गया । मौके पर सहयोगार्थ पुलिस लाइन से म0का0 यशस्वी शर्मा, नीतू मौजूद रही।






## नगर पालिका अध्यक्ष ने श्रद्धांलुओं के लिए कराई भोजन एवं जलपान की व्यवस्था

**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी। महाकुम्भ** प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सरोज फौजी ने समदा में स्वागत शिविर में जलपान की व्यवस्था कराई है। महाकुम्भ में देश- विदेश के लोग आ रहे हैं आने - जाने वाले श्रद्धांलुओं के लिए मंझनपुर में समदा के पास स्वागत शिविर बनाया गया है। इस शिविर में बिहार, मध्य प्रदेश एवं विभिन्न राज्यों के सभी तीर्थयात्रियों का स्वागत कर श्रद्धालुओं को जल पान का भव्य प्रसाद वितरण किया गया। खाने पीने की उत्तम व्यवस्था के साथ ही चाय, पानी, सब्जी में आलू, मटर, आलू जीरा, दमालु, रायता, चटनी, पापड़, चावल, तंदूरी रोटी, कचौडी, शाही बूंदी, हलुआ की व्यवस्था किया गया है।



## बाराबंकी पुलिस के समस्त थानों द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया जागरूक

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी। पुलिस** अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में बाराबंकी पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारी द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वूमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।



## युवक की हत्या से सनसनी कुएं में मिला युवक का शव

### पुलिस ने शव को बाहर निकाल कर भेजा पीएम हाउस

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी। चरवा** थाना क्षेत्र में एक युवक की धारदार हथियार से हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया गया युवक की हत्या करने के बाद हत्यारे फरार हो गए हैं जिनकी तलाश पुलिस कर रही है बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने खेत के पास खून देखा तो हड़कंप मच गया,ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से शव को कुएं से बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। चरवा थाना क्षेत्र के चपहुवा गांव निवासी नईमुद्दीन उम्र 26 वर्ष पुत्र नसीर की अभी कुछ महीने पहले ही शादी हुई थी उसकी हत्या धारदार हथियार से कर हत्यारों ने शव को कुएं में फेंक दिया बुधवार की सुबह खेत की तरफ गए ग्रामीणों ने खेत में खून देखा तो पुलिस को सूचना दी,सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने जांच पड़ताल की तो शव कुएं में मिला मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर तमाम ग्रामीणों की भीड़ लग गई और मृतक के परिवार के लोग भी मौके पहुंच गए ग्रामीणों की सहायता से पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार में कोहराम मचा है।



# फूलपुर के नाबालिक युवक की महाकुंभ में मजदूरी करते समय मौत

**मौजी लाल रावत**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर। महा**कुंभ कहने को तो आस्था और श्रद्धा का दुनिया का सबसे बड़ा भीड़ भाड वाला मेला माना जा रहा है लेकिन प्रदेश स्तर से लेकर जिले के आला अफसर रातदिन महाकुंभ की तैयारियों में जुटे रहे इसके बावजूद भी श्रम कानूनों का खुले आम धज्जियां उड़ाते हुए नाबालिको से मजदूरी कराई जाती रही लेकिन विभागीय अधिकारी कर्मचारी आंख मूंदे रहे। हड़कंप उस समय मच गया जब फूलपुर थाना क्षेत्र के लतीफपुर गांव का एक गरीब नाबालिक मजदूर महाकुंभ में काम करते



समय अचानक जमीन पर गिर पड़ा और साथियों ने उसे महाकुंभ में बने अस्पताल में भर्ती कराने ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फूलपुर थाना क्षेत्र के लतीफपुर गांव निवासी गोरे लाल बिंद 17 वर्ष पुत्र राम प्रसाद गरीबी के चलते महाकुंभ मेले की तैयारियों में कुछ दिनों से ' जलनिगम के ठीकेदार सुरेन्द्र सिंह



के अंडर में पाइप लाइन बिछाने का काम कर रहा था। परिजनों के अनुसार काम का दबाव अधिक होने के कारण बीते 7 जनवरी से वह रात दिन काम में जुटा रहा जिसकी बीते 14 जनवरी को दोपहर में काम करते समय अचानक मौत हो गई

महाकुंभ का महापर्व होने कारण करोड़ों लोगों की भीड़ के चलते उसके शव को छुपाकर रख दिया गया था मंगलवार देर शाम को परिजनों को जानकारी हुई तो घर में कोहराम मच गया। उसका बड़ा भाई पहले ही मड़ाई करते समय दुर्घटना ग्रस्त होकर मर चुका है तीन बहने थी सभी की शादी हो चुकी है घर में इकलौता चिराग था वह भी मजदूरी करते समय महाकुंभ में खत्म हो गया घर में बूढ़े माता पिता है। बुधवार को परिजन और रिश्तेदार घटना स्थल पर पहुंच कर जानकारी लेने के साथ प्रशासन के सहयोग से शव का पोस्ट मार्टम कराने के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। परिजनों के अनुसार जलनिगम के उक्त ठीकेदारी ने सहयोग के रूप में 2 लाख रुपए की सहायता दी है। सवाल यह है कि इतने बड़े महाकुंभ में नाबालिकों से दिन रात काम कराया जा रहा था विभागीय अधिकारी कर्मचारी और पुलिस प्रशासन के लोग किस कुंभकर्णी नीद में सो रहे थे यह जांच का विषय है।

## अतरौरा गांव के ज्ञानचंद का शव भोपाल में मिला

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर । फूलपुर था**ना अंतर्गत अतरौरा गांव का निवासी ज्ञानचंद पुत्र बाबादीन उम्र करीब 40 वर्ष जो प्रयागराज में रहकर कोई काम किया करता था। बीते अक्टूबर माह में अपनी भूमिधरी भूमि तकरीबन छः लाख की बेचकर प्रयागराज चला गया था। आरोप है कि वहां साथियों के साथ जुआ खेलने की लत लग गई थी तथा शेयर बाजार में भी पैसा लगाया करता था। संदिग्धावस्था में ज्ञान चंद्र का शव भोपाल में मिला तो वहां की पुलिस छानबीन करते हुए उसकी शर्ट में लगी टेलर की लेवल में उसका पता व फोन नंबर मिला तो पुलिस ने टेलर से बात करके मृतक की फोटो भेजी, तो टेलर ने पहचान व पता बताया। तब घर वालों को सूचना देकर उन्हें बुलाकर शव पीएम हेतु भेजा गया। पीएम के पश्चात शव घरवालों को लिखा पढ़ी के साथ सौपां जाएगा। फिलहाल घर में मातम छाया है।

## मैलहन कोनार रोड बनी तलैया बढ़ी परेशानी



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर । महा**कुंभ के चलते शहर से लेकर फूलपुर क्षेत्र की अधिकांश सड़के मरम्मत करने के बाद चमकने लगी लेकिन आरोप है कि लोक निर्माण खंड 4 द्वारा मैलहन से कोनार तक पिच रोड काफी पहले बनाई बनाई गई थी। जिस पर मैलहन ग्रामीण बैंक के सामने ही नाबदान से कई घरों का पानी बहाया जा रहा है। जिससे पचासों मीटर सड़क हर समय पानी से डूबी रहती है, तलैया का रूप धारण कर लिया है। इस रोड से मैलहन से बुढ़िया का इनारा कोनार अगहुआ अमिलिया नईकोट मैलवन आदि गांवो के हजारों लोगों का प्रतिदिन आना-जाना है। सड़क की दुर्दशा के चलते अधिकंस लोगों के दुकान व दरवाजों तक पानी लगा रहता है। बैंक में आने जाने वालों को बहुत तकलीफ होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क काटकर या तो पाइप डाली जाए या फिर पक्की नाली बनाई जाए जिससे पानी का जमाव न हो सके तभी समस्या का समाधान हो सकता है लेकिन शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारी कर्मचारी कोई ध्यान नहीं दे रहे है जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## डीसीपी गंगानगर ने फाफामऊ के विभिन्न घाटों का किया निरीक्षण





सबसे तेज प्रयागराज

प्रयागराज । बुधवार को पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत द्वारा महाकुम्भ-2025 के सकुशल एवं निर्विघ्न आयोजन के दृष्टिगत श्रद्धालुओं के सुगम/सुरक्षित यातायात व्यवस्था हेतु थाना फाफामऊ क्षेत्रान्तर्गत महत्वपूर्ण मार्गों, प्लाटून पुलों, घाटों एवं बेला कछार स्थित पार्किंग एरिया का निरीक्षण कर जायजा लिया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया ।

## कलाग्राम में दर्शकों को मुग्ध करती रही बहुरंगी प्रस्तुतियां





### सुप्रसिद्ध गायिका मैथिली ठाकुर आज बिखेरेंगी कला का जलवा

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** लोक संगीत के भाव और लोकनृत्य और लोक गीतों के सुरों से पवित्र संगम की रेती पर बने कलाग्राम की चौथी शाम निखर उठी। मटकी नृत्य की थिरकन मिली तो लोकनृत्यों के इंद्रधनुषी रंग भी दर्शकों के जेहनोदिल में खूब चटक हुए। कड़ाके की ठंड भी दर्शकों के उत्साह को कम नहीं किया। मौका था कलाग्राम में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से आयोजित संस्कृतिक कुंभ की जहां विभिन्न राज्यों के लोक कलाकार अपने-अपने अंचल की सांस्कृतिक प्रस्तुति के जरिए देश की समृद्धि सांस्कृतिक विरासत का भी दर्शन करा रहे हैं।

सेक्टर 7 में स्थित कलाग्राम के भव्य मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत झारखंड के छाऊ नृत्य से हुई। इसके बाद उत्तराखंड से आए भगत सिंह राणा एवं दल ने प्रसिद्ध लोक नृत्य हारुल नृत्य की पूरे उत्साह और जोश के साथ प्रस्तुती दी। म.प्र. से आए डॉ. विजय चौरसिया और साथी कलाकारों द्वारा रीना शैला नृत्य, चंदन सिंह एवं दल द्वारा छपेली नृत्य, सपना गौतम एवं दल ने पाणी को मन्नै प्यादे ने में कद का मरुं रे रसिया गीत पर घूमर, पनिहारी नृत्य तथा महेश नागर द्वारा म्हार मनडा में नाचे मोर चलो सखियां खेलगां तथा म्हारे चूडो चमके म्हारी नथ झलके गीतों पर मटकी नृत्य की प्रस्तुति पर दर्शक झूमते रहे। उकाराम परिहार द्वारा बालातरा नृत्य तथा रत्नेश राणा द्वारा थारू नृत्य की प्रस्तुति को लोगों ने खूब सराहा।

**गुरुवार को शंकर महादेवन और मैथिली ठाकुर का रहेगा जलवा**

सांस्कृतिक संध्या में गुरुवार को सुप्रसिद्ध गायिका मैथिली ठाकुर अपनी प्रस्तुति देंगी, जबकि गंगा पंडाल में प्रसिद्ध गायक शंकर महादेवन अपनी प्रस्तुति देंगे '

**विभिन्न व्यंजनों का भी लुफ्त**

कलाग्राम में विभिन्न राज्यों से आए शिल्पकारों एवं व्यंजनकारों ने अपने स्टाल लगाए हैं। कलाग्राम में आने वाले लोग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विविध प्रकार के व्यंजनों का भी स्वाद ले सकेंगे।

## डीएम ने आंकाक्षी विकास खण्ड कार्यालय, कौशाम्बी में बैठक कर सम्बन्धित अधिकारियों को दिये निर्देश



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी । जि**लाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा आज आंकाक्षी विकास खण्ड कार्यालय, कौशाम्बी में बैठक कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें।

बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी जनपद/ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी आशा एवं आगनबाड़ी कायकत्रियों एक टीम बनाकर सैम बच्चों को चिहिन्त कर मैम/सासान्य श्रेणी में परिवर्तित करने के लिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। उन्हांने सभी सुपरवाइजरों एवं सीडीपीओ को घर-घर जाकर सैम बच्चों को चिहिन्त कर उन्हें एनआरसी में भर्ती कराने के निर्देश दियें। उन्होंने जनपद में मातृ शिशु मृत्यु दर कम से कम करने के लिए आरबीएसके की टीम एवं ऑगनबाड़ी सुपरवाइजरों की एक टीम बनाकर कार्य करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने आरबीएसके की टीम को गॉव-गॉव भ्रमण कर ऑगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण एवं पोषण ट्रैकर को चेक करने के भी निर्देश दियें। उन्हांने कहा कि सभी अधिकारी/कर्मचारी पूरे मनोयोग से कार्य करें।

## वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर। पुलिस** अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को थाना चांदपुर पुलिस टीम द्वारा एक नफर अभियुक्त कल्लू यादव पुत्र गजराज नि०ग्राम साल्हेपुर थाना चांदपुर जिला फतेहपुर गिरफ्तार किया।

## सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के उपलब्धि की प्रदर्शनी देख श्रद्धालु गदगद



**सबसे तेज प्रयागराज**

**महाकुंभ नगर।** देश के कोने-कोने से महाकुंभ प्रयागराज में आए श्रद्धालु बड़ी संख्या में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की उपलब्धियां देख गदगद हो गए। केंद्र सरकार के नीतियों और लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी आमजन को प्रदान करने के लिए लगाई गई डिजिटल प्रदर्शनी का बड़ी संख्या में लोगों ने अवलोकन किया। प्रदर्शनी में प्रदर्शित चित्रों, चलचित्रों के माध्यम से दी जा रही जानकारी की सराहना करते हुए डिजिटल प्रदर्शनी को सूचना एवं शिक्षाप्रद बताया। महाकुंभ नगर, त्रिवेणी मार्ग प्रदर्शनी परिसर में लगाई गई यह प्रदर्शनी 26 फरवरी तक आमजन के अवलोकन के लिए निःशुल्क खुली रहेगी। डिजिटल प्रदर्शनी में एनामॉर्फिक वाल, एलईडी टीवी स्क्रीन, एलईडी वाल, होलोग्राफिक सिलेंडर के माध्यम से विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित हो रही है। प्रदर्शनी परिसर में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप की डिजिटल प्रदर्शनी के साथ कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय एवं प्रकाशन विभाग के स्टाल लगे हैं ' प्रदर्शनी के माध्यम से जन सामान्य को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, नमो ड्रोन दीदी, लखपति दीदी, वेव्स, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, डिजिटल इंडिया, प्रधानमंत्री आवास योजना, विद्याँजली, आत्म निर्भर भारत, स्किल इंडिया, एक भारत श्रेष्ठ भारत, प्रधान मंत्री उज्जवला योजना, हर घर जल योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, आजाद भारत के तीन नये कानून, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के साथये साथ नारी सशक्तिकरण की योजनाओं तथा विभिन्न अन्य योजनाओं की जानकारी दर्शकों और जन सामान्य को मिल रही है।

## शक्तिपीठ कड़ा पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूजा अर्चना कर लिया आशीर्वाद

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** हिंदू सुरक्षा परिषद बजरंग दल हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष भव्य भारद्वाज शक्तिपीठ कड़ाधाम पहुंचे। मां शीतला का पूरे विधिविधान के साथ दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष आत्मप्रकाश पंडा ने उनका अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत सम्मान किया। इस



अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव लाल सिंह पुरोहित, प्रदेश अध्यक्ष रवि पाण्डेय, युवा प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप तिवारी, प्रदेश मंत्री आशीष शुक्ला, युवा प्रदेश सचिव निखिल पाण्डेय, कौशाम्बी जिला सुरक्षा प्रमुख दिनेश गुप्ता, जिला मंत्री संदीप गुप्ता, जिला महामंत्री महेन्द्र मौर्य, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अंकित, ब्लाक अध्यक्ष संदीप आदि लोग उपस्थित रहे।

## फलहारी बाबा की हुई हत्या की घटना का खुलासा, मय आलाकत्ल के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर ।** दो दिन पहले को थाना बरवापट्टी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम अमवाखास रामजानकी मन्दिर के पुजारी फलहारी बाबा पुत्र रामशरण दास उम्र लगभग 65 वर्ष की मृत्यु होने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर पुलिस अधीक्षक श्री संतोष कुमार मिश्रा द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए थाना बरवापट्टी पर अभियोग पंजीकृत कराया गया तथा घटना के शीघ्र अनवारण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज अमित सक्सेना के नेतृत्व में दो टीमों का गठन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये थे। विवेचना के क्रम में प्रकाश में आये अभियुक्तगण राजकरन महतो पुत्र गोपाल महतो सा0 अमवाखास टोला कपरधिक्का थाना बरवापट्टी जनपद कुशीनगर, मनोज शर्मा पुत्र गुल्ली शर्मा सा0 भुईधरवा थाना भितहा जनपद प0 चम्पारण (बिहार) को थाना बरवापट्टी व स्वाट टीम की संयुक्त टीम द्वारा थाना बरवापट्टी क्षेत्र से बुधवार को गिरफ्तार कर उनके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक अदद नाजायज चाकू बरामद किया गया।

**पूछ-ताछ का विवरण**

पूछ-ताछ में अभियुक्त राजकरन द्वारा बताया गया कि उसका सबसे छोटा पुत्र नन्दलाल था जिसको अमवाखास टोला कपरधिक्का स्थित रामजानकी मंन्दिर के पूजारी फलहारी बाबा ने नन्दलाल को करीब 09 वर्ष के उम्र मे ही अपने पास रख लिया था तथा उसकी देख-रेख करने लगे थे और नन्दलाल उसी मंन्दिर पर रहकर पूजा पाठ करने लगा था। किन्तु करीब 03-04 वर्ष पूर्व किसी बात को लेकर फलहारी बाबा ने नन्दलाल को मार पीट कर मन्दिर से भगा दिया था जिससे नन्दलाल क्षुब्द होकर नरायणी नदी मे कूदकर जान दे दी थी। उसी का बदला लेने हेतु राजकरन ने अपने साथी मनोज शर्मा के साथ मिलकर दिनांक 13.01.2025 को चाकू से वारकर मन्दिर के पूजारी फलहारी बाबा की हत्या कर दी थी।

## होलागढ़ में चोरों के हौसले बुलंद, राजकीय बीज भंडार में ताला तोड़ कर चोरी का किया प्रयास



**सबसे तेज प्रयागराज**

**होलागढ़/प्रयागराज। होलाग**ढ़ में चोरों के हौसले बुलंद हो चुके है, बुधवार को राजकीय बीज भंडार के स्टाफ जब बीज भंडार खोलने आए तो देखा कि चोरों ने ताला तोड़ने का प्रयास किया। मौके पर लोहे की सरिया मिली और ईंटों के निशान ताले पर पाए गए। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कई दिनों के अवकाश के बाद जब कृषि विभाग के कर्मियों ने बुधवार को बीज भंडार परिसर में कदम रखा तो देखा कि अज्ञात चोरो ने बीज भंडार का ताला तोड़ कर चोरी का प्रयास किया, मौके पर जमीन पर लोहे की सरिया और गेट पर ईंटों के निशान मिले। इस बाबत बीज गोदाम के प्रभारी नरेंद्र सिंह ने थाने में लिखित शिकायत की है। बता दे कि बीज गोदाम में अनेक प्रकार की राजकीय पत्रावलियां, कंप्यूटर, प्रिंटर, फर्नीचर, कृषि निवेश समेत अनेक अन्य कीमती सामान मौजूद है।

## जनसत्ता कप के बैनर तले हो रहे टूनार्मेंट में क्षेत्रीय पत्रकारों का किया गया स्वागत

### अंतर्राष्ट्रीय कॉमेंटेटर संजय बबलू ने मेडल देकर किया स्वागत



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज** । इलाके के शकरदहा में हो रहे टूनार्मेंट में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय कॉमेंटेटर संजय बबलू ने क्षेत्रीय पत्रकारों को बुलाकर डायरी पेन देते हुए, माला पहनाकर स्वागत किया । जानकारी के मुताबिक हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जनसत्ता पार्टी की तरफ से संजय सिंह (फौजी) ने बड़े ही अलग तरीके से टूनार्मेंट कार्यक्रम का आयोजन किया है । कॉमेंटेटर संजय बबलू ने बताया कि 19 तारीख को फाइनल मैच खेला जाएगा जानकारी देते हुए बताया कि आस-पास के कई जनपदों से खिलाड़ियों द्वारा टूनार्मेंट में भाग लिया जा रहा है । इस अवसर पर राहुल भारतीय, अनिल पाल, अजय कुमार, पवन विश्वकर्मा,राकेश साहू, रवि विश्वकर्मा आदि समस्त सम्मानित जन उपस्थित रहे।

## संपादक की कलम से

### मिटाना होगा आत्महत्याओं का कलंक

भारत में आए दिन आत्महत्या की घटनाएं घटित होती रहती है। यहां हर चार मिनट में एक आत्महत्या की जाती है। यहां शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता होगा जब किसी न किसी इलाके से गरीबी, भुखमरी, कुपोषण, बेरोजगारी, कर्ज जैसी तमाम आर्थिक तथा अन्य सामाजिक दुश्वारियों से परेशान लोगों के आत्महत्या करने की खबरें न आती हों। आत्महत्या करना सभ्य समाज के माथे पर एक कलंक के समान है। आत्महत्या में व्यक्ति स्वयं को दंडित करते हुए अपनी जान दे देता है। ऐसा घिनोना कार्य कोई व्यक्ति तभी करता है जब वह चारों तरफ से निराश हो जाता है।

आत्महत्या करने का सबसे बड़ा कारण आर्थिक पक्ष को माना जाता है। उसके बाद मानसिक, पारिवारिक व अन्य बहुत से कारण हो सकते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर होने पर व्यक्ति स्वयं को गिरा हुआ महसूस करता है और अंत में वह आत्महत्या करने जैसा घिनौना कदम उठा लेता है। हम आए दिन अखबारों में पढ़ते हैं कि बहुत से परिवारों ने आर्थिक कर्म से सामूहिक आत्महत्या कर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली। बहुत से किसान अपना खेती का कर्ज नहीं चुका पाने के कारण भी बड़ी संख्या में आत्महत्या करते हैं। आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए सरकार ने कानून तो बना दिया मगर उसका प्रभाव समाज पर पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है। प्रेम में असफल होने पर भी बड़ी संख्या में नवयुवक युवतियां आत्महत्या कर अपने जीवन लीला समाप्त कर लेते हैं।

आंकड़ों की दृष्टि से भारत आत्महत्याओं के मामले में दुनिया में सिरमौर बनता जा रहा है। आत्महत्या रोकने की दिशा में अब तक सरकारी स्तर पर जितने भी प्रयास हुए हैं वह सब नाकाम साबित हुए हैं। सरकारी आंकड़ों में जितनी आत्महत्या की संख्या दशार्यी जाती है उससे कई गुना अधिक लोग आत्महत्या कर अपनी जान गंवा रहे हैं। मगर आत्महत्या की घटनाओं को रोकने की कोई सार्थक पहल नहीं हो पाई है। खेती के लिए लिया गया कर्ज. नहीं चुका पाने के कारण भी बड़ी संख्या में किसान आत्महत्या कर रहे हैं। मगर सरकारी बैंकों, साहूकारों के कर्ज से परेशान किसान आज भी आत्महत्या कर रहें हैं। उन्हें रोकने की दिशा में भी सरकार ने कोई विशेष पहल नहीं की है। बैंक आज भी किसानों से जबरदस्ती कर्ज वसूली के लिए उनकी जमीने नीलाम कर रहे हैं। इसी के चलते किसान मजबूर होकर आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर हो रहे हैं।

भारत में आत्महत्या एक प्रमुख समस्या है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के अनुसार 2022 में 171,000 आत्महत्याएं की गईं थी जो 2021 की तुलना में 4.2 प्रतिशत अधिक थी । प्रति एक लाख की जनसंख्या पर आत्महत्या की दर 2022 में बढ़कर 12.4 हो गई जो आंकड़ो के हिसाब से सर्वोच्च थी। 2022 के दौरान आत्महत्याओं में 2018 की तुलना में 27 प्रतिशत की वृद्धि हुई और भारत में दुनिया में सबसे अधिक आत्महत्याएं हुईं। वैश्विक आत्महत्या मौतों में भारत के आंकड़े 1990 में 25.3 प्रतिशत से बढ़कर 2016 में महिलाओं में 36.6 प्रतिशत और पुरुषों में 18.7 प्रतिशत से बढ़कर 24.3 प्रतिशत हो गये। 2016 में 15-29 वर्ष और 15-39 वर्ष के आयु समूहों में आत्महत्या मृत्यु का सबसे आम कारण था। दैनिक वेतन भोगी लोग आत्महत्या पीड़ितों का 26 प्रतिशत हिस्सा थे। जो आत्महत्या के आंकड़ों में सबसे बड़ा समूह था।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के अनुसार 2022 में राज्यों में सबसे अधिक आत्महत्याएं महाराष्ट्र (22,746) में हुईं। इसके बाद तमिलनाडु में 19,834 और मध्य प्रदेश में 15,386 आत्महत्याएं हुईं। चार राज्यों महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल को मिलाकर देश में हुयी कुल आत्महत्याओं में से लगभग आधी उक्त प्रदेशों में हुयी थी। नागालैंड में केवल 41 आत्महत्याएं हुईं। महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और कर्नाटक में 2017 से 2019 के दौरान भारत में लगभग आधी आत्महत्याएं हुयी हैं। केंद्र शासित प्रदेशों में दिल्ली में सबसे अधिक आत्महत्याएं हुईं, उसके बाद पुडुचेरी का स्थान रहा। बिहार और पंजाब में 2018 की तुलना में 2019 में आत्महत्याओं के प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुयी थी।

एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले पांच सालों में आत्महत्या की घटनाओं का ग्राफ लगातार बढ़ता हुआ दिखता है। 2017 में देश में 1,29,887 आत्महत्याओं की मामले रिकॉर्ड किए गए थे। तब आत्महत्या दर 9.9 प्रतिशत थी। आत्महत्या दर प्रति लाख आबादी पर होने वाली आत्महत्या की घटनाओं को दशार्ता है। 2017 के आंकड़ों के मुताबिक देश में प्रति लाख 9.9 आत्महत्या की घटनाएं दर्ज की गईं थी। 2018 में आत्महत्या दर में इजाफा हुआ और ये बढ़ कर 10.2 पर पहुंच गयी थ। तब देश में 1,34,516 आत्महत्या के मामले दर्ज हुए थे। 2019 में कुल 1,39,123 लोगों ने तो 2020 में ये संख्या बढ़कर 1,53,052 हो गई थी। 2021 में आत्महत्या के 1,64,033 मामले हुये थे।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के तुलनात्मक आंकड़े बताते हैं कि भारत में आत्महत्या की दर विश्व आत्महत्या दर के मुकाबले बढ़ी है। भारत में पिछले दो दशकों की आत्महत्या दर में एक लाख लोगों पर 2.5 फीसद की वृद्धि हुई है।

ॉ आज भारत में 37.8 फीसद आत्महत्या करने वाले लोग 30 वर्ष से भी कम उम्र के हैं। दूसरी ओर 44 वर्ष तक के लोगों में आत्महत्या की दर 71 फीसद तक बढ़ी है। 2018 में पारित हुए मेंटल हेल्थ केयर एक्ट 2017 के तहत भारत में आत्महत्या के अपराधीकरण का कानून खत्म करते हुए मानसिक बीमरियों से जूझ रहे लोगों को मुफ्त मदद का प्रावधान किया गया है। इस नए कानून के तहत आत्महत्या का प्रयास करने वाले किसी भी व्यक्ति को मदद पहुंचाना, इलाज करवाना और पुनर्वास देना

### 75 फीसदी युवाओं में इस कारण हो रहा साइलेंट हार्ट अटैक, भूलकर न करें ये गलतियां

हार्ट अटैक के मामले भारत में तेजी से बढ़ते जा रहे हैं. खासकर युवाओं में साइलेंट अटैक किलर बन कर जान ले रहा है. पिछले कुछ सालों में अटैक की ऐसी घटनाएं सामने आई है, जिससे सोचकर ही डर लगने लगा है. किसी को एक्सरसाइज के दौरान अटैक आया तो कोई मार्निंग वॉक करते समय गिरा और खत्म हो गया. कई मामले ऐसे हुए कि डांस करते या स्कूल में पढ़ाते टीचर साइलेंट अटैक का शिकार बन गए. इन घटनाओं को देख लोग अपनी सेहत के प्रति जागरूक होने लगे हैं.

बीते कुछ सालों में साइलेंट हार्ट अटैक की घटनाओं में तेजी से इजाफा हुआ है. हालांकि, साइलेंट अटैक को लेकर वैसे तो अभी तक कोई सटीक जानकारी का पता नहीं लगा है, लेकिन डॉक्टर्स और एक्सपर्ट्स की मानें तो लाइफ स्टाइल में बदलाव और कोरोना महामारी के बाद बॉडी में रेसिस्टेंट पॉवर की कमी को अहम कारण माना जा रहा है.

**ज्यादा एक्सरसाइज करना**

डॉक्टर्स की मानें तो अधिक एक्सरसाइज या बॉडी को जरूरत से ज्यादा थकान देने से अटैक की घटनाएं बढ़ रही हैं. युवाओं में साइलेंट अटैक के पीछे यह भी माना जा रहा है कि हार्ट की नसों में ब्लॉकेज रूपी प्लाक जमने लगता है और एक सीमा के बाद यह फट जाता है, युवाओं में 75 फीसदी अटैक की समस्या प्लाक फटना बताया गया है. युवाओं में ब्लॉकेज रूपी प्लाक जवानी से ही जमने लगता हैं. यह दिल के नसों में जगह-जगह थक्का बनाता है, जिससे खून का संचालन सही तरीके से नहीं हो पाता है. प्लाक जमने से खून को प्रवाहित होने में बाधा उत्पन्न होता है और एक सीमा के बाद यह प्लाक फट जाता है.जिससे साइलेंट अटैक के मामले हो रहे हैं. कार्डियोलॉजिस्ट डॉ अजीत जैन बताते हैं कि हार्ट में प्लॉक जमने का एक कारण कोरोना वायरस भी है. इस वायरस के कारण हार्ट की नसों में ब्लॉकेज बना है।

# परंपरागत एवं आधुनिक चिकित्सा में समन्वय की जरूरत

**-ललित गर्ग-**

एक और नये चीनी वायरस ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के संक्रमण के उपचार को लेकर दुनिया भारत की प्राचीन प्राकृतिक व परंपरागत चिकित्सा पद्धति की ओर आशाभरी निगाहों से देख रही है, क्योंकि मानव इतिहास की सबसे बड़ी एवं भयावह महामारी कोरोना के निदान में भी उसकी भूमिका प्रभावी एवं कारगर रही है। निस्संदेह, आधुनिक चिकित्सा पद्धति ने शोध-अनुसंधान व बड़े पूंजी निवेश के चलते अप्रत्याशित स्वास्थ्य उन्नति एवं चिकित्सा क्रांति की है। बावजूद इसके आधुनिक समय में भी प्राकृतिक व परंपरागत चिकित्सा पद्धतियां असाध्य बीमारियों के लिये कारगर बनी हुई है। भारत ही नहीं, विदेशों में भी भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों की स्वीकार्यता बढ़ी है। आयुष मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 2014 में जो आयुष बाजार 2.8 अरब डॉलर था, उसका आकार बीते साल तक 43.4 अरब डॉलर हो गया है। इतना ही नहीं प्राकृतिक चिकित्सा उत्पादों का निर्यात भी दुगना हुआ है। जिससे इस पद्धति की अंतर्राष्ट्रीय स्वीकार्यता का पता चलता है। यानी इन्हें एक पूरक चिकित्सा के रूप में मान्यता मिल रही है। इन स्थितियों को देखते हुए यदि आधुनिक विज्ञान व परंपरागत चिकित्सा पद्धति में समन्वय बने तो मानवता कल्याण का नया रास्ता उद्घाटित होगा।

प्राकृतिक चिकित्सा प्रणाली चिकित्सा की एक रचनात्मक विधि है, जिसका लक्ष्य प्रकृति में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध तत्त्वों के उचित इस्तेमाल द्वारा रोग का मूल कारण समाप्त करना एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना है। यह न केवल एक चिकित्सा पद्धति है बल्कि मानव शरीर में उपस्थित आंतरिक महत्त्वपूर्ण शक्तियों या प्राकृतिक तत्त्वों के अनुरूप एक जीवन-शैली है। यह जीवन कला तथा विज्ञान में एक सम्पूर्ण क्रांति है। इसमें प्राकृतिक भोजन, विशेषकर ताजे फल तथा कच्ची व हलकी पकी सब्जियाँ विभिन्न बीमारियों के इलाज में निर्णायक भूमिका निभाती हैं। योग, ध्यान एवं संतुलित जीवनशैली इस चिकित्सा के आधार है। प्राकृतिक चिकित्सा निर्धन व्यक्तियों एवं गरीब देशों के लिये विशेष रूप से वरदान है। इसीलिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से भारत का जो प्राचीन सेहत का ज्ञान सदियों से हाशिये पर रहा है, उसे पिछले एक दशक में देश-विदेश में व्यापक रूप से प्रतिष्ठापित किया गया है और भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा, आयुर्वेद, योग को दुनिया में फैलाया गया है। भारत में भीषण गरीबी के चलते प्रकृति के सान्निध्य में सेहत के गुर को महसूस करते हुए महात्मा गांधी ने प्राकृतिक व परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों को देश में प्रतिष्ठा दी थी। आज भी उनके अनुयायी पूरे देश में इस मुहिम में जुड़े हुए हैं। जरूरी है कि सदियों के अनुभव से हासिल गुणवत्ता व प्रमाणिकता के परंपरागत ज्ञान और आधुनिक चिकित्सा पद्धति के मध्य तालमेल की कोशिश की जाए।

पारम्परिक एवं पूरक चिकित्सा पर विश्व स्वास्थ्य संगठन-डब्ल्यूएचओ की वैश्विक रिपोर्ट (2019) के अनुसार, दुनिया भर में इस्तेमाल की जा रही पारम्परिक चिकित्सा की विभिन्न प्रणालियों में, एक्यूपंक्चर, हर्बल दवाएँ, स्वदेशी पारम्परिक चिकित्सा, होम्योपैथी, पारम्परिक चीनी चिकित्सा, प्राकृतिक चिकित्सा, कायरोप्रैक्टिक, ऑस्टियोपैथी, आयुर्वेद व यूनानी उपचार शामिल हैं। डब्ल्यूएचओ के 170 सदस्य देशों ने अपनी



आबादी द्वारा पारम्परिक चिकित्सा के उपयोग पर रिपोर्ट दी है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) भी, पारम्परिक उपचार प्रणालियों के अध्ययन और अभ्यास में क्रान्ति ला रही है। आयुष शब्द आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा रिग्पा और होम्योपैथी का संक्षिप्त रूप है। इसी आधार पर प्राकृतिक व परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों को आधुनिक समय में प्रासंगिक बनाने के लिये भारत सरकार में आयुष मंत्रालय बना है। इसी मंत्रालय के प्रयासों से जहां आयुष बाजार को विस्तार मिला, वहीं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उपचार में मदद मिली है। इससे रोजगार व उद्यमिता को भी नई ऊंचाइयां मिली हैं। एक ओर जहां आयुर्वेदिक दवाओं के उत्पादन से रोजगार बढ़े हैं, वहीं इसमें प्रयोग की जाने वाली जड़ी-बूटियों, फल और इससे जुड़े जैविक उत्पादों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी संबल मिला है। कमोबेश इसी तरह योग से जुड़ी सामग्री का निर्यात भी तेजी से बढ़ा है। प्रधानमंत्री के प्रयासों से योग, आयुर्वेद, भारतीय खानपान एवं जीवनशैली को वैश्विक मान्यता मिली है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत सरकार की सहभागिता में गत वर्ष भारत के गुजरात प्रदेश के गांधीनगर शहर में प्रथम पारम्परिक चिकित्सा वैश्विक शिखर सम्मेलन आयोजित कर गम्भीर स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने और वैश्विक स्वास्थ्य एवं टिकाऊ विकास में प्रगति को आगे बढ़ाने में, पारम्परिक, पूरक व एकीकृत चिकित्सा की उपयोगिता को स्वीकार करते हुए इसे व्यापक बनाने की अनेक योजनाओं पर सहमति जताई। विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारत सरकार ने आधुनिक विज्ञान एवं टैक्नॉलॉजी के जरिये, पारम्परिक औषधि में निहित सम्भावनाओं को साकार करने के इरादे से एक वैश्विक केंद्र स्थापित किये जाने के समझौते पर भी हस्ताक्षर किये और गुजरात राज्य के जामनगर शहर में बनाए जाने वाले इस केंद्र की मदद से आमजन की सेहत में बेहतरी लाने और विश्व के हर क्षेत्र में सम्पर्क व लाभ सुनिश्चित किये जाने की योजना को आकार दिया जाने लगा है।

नये विश्व की विडम्बना है कि तीव्र विकास की छाया में गरीबी का भी विस्तार हुआ है। महंगी होती आधुनिक चिकित्सा पद्धति गरीब की पहुंच से दूर होती जा रही है। सरकारी चिकित्सा तंत्र मरीजों के भारी बोझ से चरमरा रहा है। ऐसे में यदि जीवन शैली में सुधार, सजगता व शारीरिक सक्रियता से लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिले तो किसी को परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसे पूरक चिकित्सा पद्धति के रूप में स्वीकार किया ही जाना चाहिए। यह सुखद है कि हम देर से ही सही, इस दिशा में आगे बढ़े हैं। हमारे आयुर्वेद के उत्पादों को विश्व स्वास्थ्य संगठन की मान्यता मिलना भी एक बड़ी उपलब्धि है। इस दिशा में आधुनिक चिकित्सा के साथ समन्वय स्थापित कर आगे बढ़ने के लिये साझे प्रयास जरूरी हैं। पारम्परिक चिकित्सा उत्पादों और पद्धतियों के शोध का यह उपयुक्त समय है। दुनियाभर में लोग वैकल्पिक निदानों का रुख कर रहे हैं। इससे अधिक शोध व अधिक साक्ष्य सामने आ रहे हैं और शोध के परिणाम बेहद आशाजनक दिख रहे हैं। प्राचीन संस्कृतियों द्वारा चिकित्सा हेतु प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के अलावा, आधुनिक रोगों से निपटने के लिए पारम्परिक समुदाय-आधारित स्वास्थ्य प्रथाओं का भी अभूतपूर्व महत्व है। चेचक के टीके का विकास इसका एक सशक्त उदाहरण है। भारत की प्राकृतिक व परंपरागत चिकित्सा पद्धतियां के प्रति बढ़ते आकर्षण एवं रूझान को देखते हुए जरूरी हो जाता है कि हम आयुष उत्पादों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। उनको हम विज्ञान की कसौटी पर भी कसे। भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धति वैश्विक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य समाधान करने में सक्षम एवं कारगर बन रही है तो हमें इस पर व्यापक शोध, अनुसंधान एवं प्रयोग को बल देना चाहिए। दरअसल, भारतीय परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों मसलन आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, योग, सिद्ध आदि पद्धतियों की धारणा रही है कि किसी रोग को दबाने के बजाय उसके कारकों का उपचार किया जाए। पारम्परिक चिकित्सा को पूर्व-वैज्ञानिक युग की पद्धति के रूप में देखा जाता है, जिसका स्थान आधुनिक, बेहतर, विज्ञान-आधारित चिकित्सा ने लिया। हालाँकि, आधुनिक विज्ञान और चिकित्सा का प्रादुर्भाव, पारम्परिक उत्पादों व प्रथाओं से ही हुआ है, जिसका एक लम्बा इतिहास है। आज लगभग 40 प्रतिशत फार्मास्युटिकल उत्पाद, प्रकृति और पारम्परिक ज्ञान से आते हैं, जिनमें कई महत्वपूर्ण दवाएँ शामिल हैं। प्राकृतिक व परंपरागत चिकित्सा पद्धतियां का आधार हमारे विचार, खानपान और प्रकृतिमय जीवन है, जो बीमारियों को पनपने नहीं देता, यदि फिर भी कोई बीमारी आ जाती है उसका सस्ता, सरल, प्रभावी एवं सुगम इलाज पारम्परिक चिकित्सा पद्धति में है।

जो हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है। प्राकृतिक व परंपरागत चिकित्सा पद्धतियां को विस्तारित एवं सशक्त करते हुए हमें आधुनिक चिकित्सा पद्धति की अनदेखी नहीं करनी है बल्कि समन्वय करके इंसानों को स्वस्थ बनाने की दिशा में क्रांति का शंखनाद करना है। निश्चित रूप से यदि विज्ञान व परंपरा के समन्वय का मणिकांचन संयोग होगा तो बढ़ती बीमारियों एवं महामारियों की चिन्ता को दूर करने के लक्ष्य हासिल करना ज्यादा आसान होगा।

## केजरीवाल का राजनीतिक भविष्य तय करेंगे 8 फरवरी के चुनाव परिणाम

**- सुशील कुट्टी**

चुनाव आयोग ने पुरुष उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों को महिलाओं के बारे में बात करते समय अपनी भाषा पर ध्यान देने की चेतावनी दी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने यह बात कही, 'शेरो-शायरी' के शुरूआती दौर के बाद उनका चेहरा सख्त था, कि अगर यह मतदाताओं को लुभाती है, तो यह 5 फरवरी को ही पता चलेगा।

दिल्ली में विधान सभा के चुनाव 5 फरवरी को होंगे। 8 फरवरी को नतीजे घोषित किये जायेंगे। भाजपा ने घोषणा के कुछ ही मिनटों के भीतर एक पोस्टर जारी किया कि फरवरी के मध्य तक दिल्ली में भाजपा का मुख्यमंत्री होगा। लेकिन आप प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ के दावे से भाजपा को झटका लगा, जिन्होंने चुनाव आयोग द्वारा तारीखों की घोषणा से पहले ही दावा किया कि दिल्ली के मतदाता अरविंद केजरीवाल को चौथी बार मुख्यमंत्री बनाने के लिए वोट देंगे, इसिलए कोई चिंता की बात नहीं।

प्रियंका कक्कड़ के लिए अच्छी बात यह है कि रमेश बिधूड़ी उन्हें बुरा-भला नहीं कहेंगे। चुनाव आयोग ने चेतावनी दी है कि महिला उम्मीदवारों और आम तौर पर महिलाओं के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने वालों को जवाबदेह ठहराया जायेगा और उन्हें जेल में डाला जायेगा। इस दुनिया के बिधूड़ियों के खिलाफ मामले दर्ज किये जायेंगे। हां, जिसे वे 'जीरो टॉलरेंस' कहते हैं। निश्चित रूप से, बिधूड़ी जैसे स्त्री-द्वेषी लोग अपनी नाक को डिब्बे में बंद करके रखेंगे। बिधूड़ी को बस कुछ दिनों के लिए लिंचिंग से बचाया गया। अन्यथा, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और कांग्रेस की वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा बिधूड़ी की सजा का जश्न मना रही होतीं।

चुनाव आयोग ने पुरुष उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों को महिलाओं के बारे में बात करते समय अपनी भाषा पर ध्यान देने की चेतावनी दी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने यह बात कही, 'शेरो-शायरी' के शुरूआती दौर के बाद उनका चेहरा सख्त था, कि अगर यह मतदाताओं को लुभाती है, तो यह 5 फरवरी को ही पता चलेगा। दिल्ली में कुल मतदाताओं की संख्या 1 करोड़ 55 लाख है, जिसमें पुरुष मतदाता 83.89 लाख और महिला मतदाता लगभग 71.74 लाख हैं। पिछले चुनाव से 1.70 लाख मतदाताओं की वृद्धि हुई है। लेकिन शिकायतें हैं, वास्तव में आरोप हैं, कि मतदाता सूची में 5 लाख नये मतदाता जोड़े गये हैं। अगर यह सच है, तो यह एक बड़ी गड़बड़ी है और अगर भाजपा जीतती है, तो मोदी और शाह को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

आप और आप के 'राजनीतिक विश्लेषकों की वफादार टीम' इन अनुमानों का स्रोत हैं। एक बात तो तय है, अगर जो कहा गया है वह सत्य है तो ईवीएम को मतदाता सूची में धोखाधड़ी से कड़ी टक्कर मिलेगी, अगर अरविंद केजरीवाल हार जाते हैं, जो कि दूर की कौड़ी नहीं है। दिल्ली की धूल खाने लायक नहीं है।

मजेदार सवाल यह है कि क्या रमेश बिधूड़ी भाजपा के मुख्यमंत्री बनेंगे? दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को हराना ही काफी होगा। बिधूड़ी हमेशा दावा कर सकते हैं कि उन्होंने अपने पिता को कभी नहीं बदला! लेकिन बिधूड़ी के पास कोई मौका नहीं है। वे पूरी तरह से बीमार हैं। रमेश बिधूड़ी ऐसे व्यक्ति हैं जो अपनी पत्नी को कभी सवाल पूछने या जवाब देने नहीं देंगे। चुनाव आयोग को रमेश बिधूड़ी को नाम लेकर चेतावनी देनी चाहिए थी, और स्पष्ट शब्दों में कहना चाहिए था कि बिधूड़ी जैसे लोगों को चुनावी मैदान से बाहर कर दिया जायेगा। इसे 'बिधूड़ी प्रभाव' कहिए। मीडिया को चर्चा का विषय मिल गया है। शाम को बिधूड़ी प्रभाव पर बहस होगी! भाषा और शिष्टाचार के मामले में बहुत पीछे रहने के कारण प्रधानमंत्री को खुद ही फटकार खानी चाहिए थी, लेकिन प्रधानमंत्री ऐसे मुद्दों पर अपनी सांसें बरबाद नहीं करते।

## दिल्ली चुनाव 'इंडिया' के लिये महत्वपूर्ण

मंगलवार को निर्वाचन आयोग ने दिल्ली विधानसभा के चुनावी कार्यक्रम की जो तारीखें घोषित की हैं, उसके अनुसार इसकी सभी 70 सीटों के लिये 5 फरवरी को मतदान होगा और 8 को नतीजे आएंगे। सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी को अपनी सरकार बचाने की चुनौती तो है, यह चुनाव भारतीय जनता पार्टी से कहीं अधिक विपक्षी गठबन्धन इंडिया के लिहाज से महत्वपूर्ण है।

देश की राजधानी में यह विधानसभा चुनाव राष्ट्रीय राजनीति को भी प्रभावित करेगा। पिछले दोनों या यूं कहें कि तीनों चुनावों में जिस तरह से आप ने सफलताएं अर्जित की थीं और उसकी ताकत में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई, उसके चलते कई संकटों के बावजूद आप मजबूती से चुनाव की धुरी बनी हुई है। वह भाजपा के साथ कांग्रेस को भी एक समान चुनौतियां पेश कर रही है। भाजपा के पास खोने को यहां बहुत कुछ नहीं है लेकिन असली दुविधा कांग्रेस के सामने है जिसे यहां अपना खाता तो खोलना ही है, भविष्य में इंडिया के इस महत्वपूर्ण घटक के साथ सम्बन्धों को बनाये रखने की भी चुनौती है जिसका वह नेतृत्व करती है। लोकसभा चुनाव चाहे खत्म हो गया हो परन्तु एक शक्तिशाली प्रतिपक्षी गठबन्धन जो ठोस स्वरूप ले चुका है वह कैसे बरकरार रहे- यह चिंता भी कांग्रेस को करनी है।



जन लोकपाल आंदोलन की कोख से जन्मी आप ने अपने पहले ही चुनाव में बड़ी कामयाबी हासिल की थी। उसे 28 सीटें मिली थीं तथा कांग्रेस के सहयोग से अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री तो बने थे परन्तु पर्याप्त बहुमत के अभाव में वे लोकपाल बिल पास नहीं करा पाये थे जिसका उन्होंने वादा किया था। 49 दिन की सरकार चलाने के बाद केजरीवाल ने फरवरी 2014 में इस्तीफा दे दिया था। उसके अगले साल हुए चुनाव में पार्टी को 70 में 67 सीटें मिली थीं। 2020 में भी उसे जबर्दस्त कामयाबी मिली थी, बावजूद इसके कि इस बार उसकी विधायक संख्या 62 रही। यह अवधि उसके लिये बड़े संकटों की रही क्योंकि इसी दौरान भाजपा के 'ऑपरेशन लोटस' के रडार पर वह सतत रही। कथित शराब घोटाले के आरोप में उसके एक मंत्री सत्येन्द्र जैन, उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और खुद केजरीवाल गिरफ्तार होकर लम्बे समय तक जेलों में रहे। दिल्ली के उप राज्यपाल ने राज्य के काम-काज में केन्द्र सरकार के इशारे पर कदम-कदम पर अवरोध पैदा किये। उसकी शक्ति घटा दी गयी। सीमित शक्तियों व संसाधनों के बावजूद आप ने जो काम किये उसके चलते निम्न वर्ग अब भी उसका वोट बैंक बना हुआ है जिसके बल पर आप अगली बार फिर से सरकार बनाने का भरोसा रखती है।

आप के जो भी नेता जेलों में थे, वे बेशक जमानत पाकर बाहर आ गये हों परन्तु भाजपा ने चुनाव प्रचार के लिये भ्रष्टाचार को अपना प्रमुख हथियार बनाया हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में चुनाव प्रचार की शुरूआत करते हुए पार्टी का नाम तोड़-मरोड़कर 'आप-दा' कहने का जुमला गढ़ा और पार्टी को बेहद भ्रष्टाचारी दल बताया। हालांकि उन्हें पता है कि भाजपा जिस दल का मुकाबला कर रही है उसका मुख्य मुद्दा विकास है, जिसमें शिक्षा, पानी, बिजली, सड़क आदि की प्रमुखता है। इसलिये मोदी यह भी कह रहे हैं कि 'भाजपा की सरकार बनी तो दिल्ली विश्वस्तरीय राजधानी बनेगी।' दूसरी ओर आप ने विकास को मुद्दा बनाये रखा है। पिछले और इस चुनाव के बीच अनेक घटनाक्रम हुए हैं, जिनका सम्बन्ध आप से है। पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर विस्तारित करने के उद्देश्य से आप ने दशक भर में अनेक राज्यों के विधानसभा चुनावों में अपने प्रत्याशी खड़े किये जिसके कारण भाजपा को कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों के उम्मीदवारों को हराने में मदद मिली। इसलिये उस पर 'भाजपा की बी-टीम' होने का ठप्पा लगा। उसने इस ठप्पे को मिटाने की कोशिश तो नहीं की लेकिन जब भाजपा ने उनके नेताओं को जेल भेजना शुरू किया तो वह दबाव में आई और लोकसभा चुनाव के पहले वह इंडिया गठबन्धन का एक घटक बन गया, बावजूद इसके कि वह राज्यों में कांग्रेस से अलग होकर ही लड़ता रहा। पंजाब में उसे सफलता भी मिली। वह विपक्षी दलों में कांग्रेस के अलावा अकेली ऐसी पार्टी है जिसकी दो राज्यों में सरकारें हैं। कई राज्यों में कम या ज्यादा संख्या में उसके सदस्य विधानसभाओं में निर्वाचित होकर बैठे हैं। फिर, इस चुनाव में भी उसकी स्थिति इसलिये मजबूत मानी जा रही है क्योंकि पिछले दो चुनावों में मिली बड़ी जीतों का फायदा संभवतः उसे मिले, लेकिन एंटी इनकम्बेंसी को नजरंदाज नहीं किया जा सकता। कांग्रेस या भाजपा को पहले आप की विधायक संख्या के बड़े अंतर को पाटना होगा।

लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सभी सातों सीटों पर जीत हासिल करने वाली भाजपा दिल्ली की सरकार आप के हाथों से छीन सकती है क्या, ये सवाल इस समय तेज हो रहा है। वहीं जिस तरह शीशमहल बनाम राजमहल की लड़ाई में आप और भाजपा उलझ रहे हैं, क्या उसमें कांग्रेस को फायदा हो जाएगा, इस पर भी सबकी निगाहें हैं। यदि यह मानकर चलें कि आप कम या ज्यादा सीटों के साथ सत्ता में लौटती है,, तो इसका असर कांग्रेस के साथ उसके सम्बन्धों पर पड़ेगा। केजरीवाल इसके बाद गठबन्धन की उतनी चिंता नहीं करेंगे जैसा कि वे उन पर आये संकटों के दौरान किया करते थे। महत्वाकांक्षा फिर से उड़ान भरेगी और वे इस फामूर्ले पर काम करते हुए अलग-अलग राज्यों में फिर से अपने प्रत्याशी यह कहकर खड़े करते रहेंगे कि 'गठबन्धन लोकसभा चुनाव के लिये है, न कि विधानसभा चुनावों के लिये।' इस तरह से वे गैर-भाजपायी वोटों को पहले जैसे काटने में लग जायेंगे जिसके चलते आप को भाजपा का छुपा सहयोगी कहा जाता है।

# सामाजिक समरसता की प्रेरणा देता है मकर संक्रांति पर्व गंगा सिंह

## नगर के सिविल लाइंस क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया मकर संक्रांति पर्व



**बहराइच।** **राष्ट्रीय स्वयं**सेवक संघ बहराइच नगर के तत्वाधान में उत्सव नगर के सिविल लाइंस स्थित एक लान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक के वरिष्ठ प्रचारक प्रांत संपर्क प्रमुख गंगा सिंह उपस्थित रहे।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रांत संपर्क प्रमुख ने कहा कि भारत उत्सवों का देश है,इसीलिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छः उत्सवों को मानता है जिसमें मकर संक्रांति प्रमुख उत्सव है। उन्होंने कहा कि भारत उत्सवों का देश है और भारत में मनाये जाने वाले उत्सव भारतीय काल गणना पर आधारित होते हैं जो बहुत ही प्रमाणिक हैं क्योंकि यह सूर्य और चंद्र की गति पर आधारित है। मकर संक्रांति से सूर्य का ताप बढ़ने लगता है और दिन बड़ा होने लगता है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति उत्सव समाज का उत्सव है यह पर्व हमें सामाजिक समरसता की प्रेरणा देता है, समरस समाज से ही भेदभाव दूर होगा तथा समाज एवं राष्ट्र उन्नति करेगा। उन्होंने कहा कि देश में आध्यात्मिकता बढ़ रही है और सनातन मूल्य का व्यापक असर हो रहा है। अन्य देशों के लोग भी अब सनातन संस्कृति की ओर तीव्रता से बढ़ रहे हैं। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में विभिन्न देशों के लोग भारतीय दर्शन का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने की लालसा से आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महापुरुषों के चिंतन "जाति पांति पूछै नहीं कोई , हरि का भजय सो हरि का होई" को पूर्णतया आत्मसात कर संगठित रूप से राष्ट्र सेवा का कार्य कर रहा है और देश को पूर्ण वैभव सम्पन्न बनाने हेतु संकल्पित है। उन्होंने कहां कि भारत की संयुक्त व संस्कारवान कुटुम्ब व्यवस्था पर आने वाले पाश्चात्य प्रभाव से सावधान रहने की आवश्यकता है और मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के जीवन मूल्यों को आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन नगर कार्यवाह शिवम ने किया।कार्यक्रम में नगर संघ चालक डॉक्टर गोविंद शेखर, विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार जी, आदि सहित नगर के स्वयंसेवक को उपस्थित रहे।

## पतित पावनी मां गंगा में लगाई आस्था की डुबकी



**भांवरकोल/ गाजीपुर।** मकर संक्रांति के अवसर पर मंगलवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पतित पावनी मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर मोक्ष की कामना के साथ ही परिवार के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। आज घने कोहरे और कड़ाके के ठंड के बीच सुबह से ही क्षेत्र सेमरा, शेरपुर ,वीरपुर,पलियां व कोटावां आदि गंगा घाटों पर स्नानार्थियों की भीड़ रही। बाद में गरीबों को लाई, चूड़ा (पोहा), चावल ,दाल, तिलवा, तिलकुट आदि सामग्री का दान दिया। शास्त्रों के अनुसार, इस दिन गंगा स्नान और दान से आपके वर्तमान और भविष्य दोनों अच्छे होते हैं। यह दान 10 अश्वमेघ यज्ञ और 1000 गायों के दान के बराबर फल देता है। ऐसा माना जाता है कि इससे जीवन में सफलता और घर में सुख-शांति का आगमन होता है। गंगा स्नान से साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस मौके पर ग्रामीणों ने पुरोहितों को चूड़ा -दही,गुड़ खिलाकर एवं खिंचडी, मिष्ठान, तिल, गुड़ आदि सामग्री दान पुण्य कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद दही -चुरा, गुड़ आदि अल्पहार का सेवन कर शाम को सभी के घर खिंचडी. का भोग लगाया गया। इस तरह से धूमधाम से (खिचड़ी) मकर संक्रांति का त्यौहार मनाया गया। गंगा घाटों पर सुरक्षा के लिहाज से पुलिस की तैनाती रही। थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी सदल-बल चक्रमण करते रहे।

## एस एस बी ने मानव तस्कर के चंगुल से मुक्त कराई नेपाली किशोरी

**बहराइच।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की टीम ने 17 वषीर्या एक नेपाली किशोरी को संदिग्ध मानव तस्कर के चंगुल से मुक्त कराया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। किशोरी को कथित तौर पर तस्करी कर बेंगलुरु ले जाया जा रहा था। बरामदगी के बाद किशोरी को नेपाल के एक गैर सरकारी संगठन को सौंप दिया गया और आरोपी तस्कर को नेपाल पुलिस के हवाले कर दिया।एसएसबी की 42वीं बटालियन के उपसेनानायक दिलीप कुमार ने बताया कि ह्यह्यप्रयागराज महाकुम्भ के मद्देनजर जारी ह्यऑपरेशन अलर्टह्न के तहत भारत-नेपाल सीमा पर सतर्कता बढ़ा दी गई है। सोमवार की शाम एसएसबी जवानों ने आरोपी और किशोरी को रुपईडीहा सीमा चौकी (बीओपी) पर उस समय रोका जब वे भारत-नेपाल मैत्री बस में सवार हो रहे थे। उन्होंने बताया कि उनकी हरकतें संदिग्ध प्रतीत होने पर जब उनसे पूछताछ की गई तो वे संतोष जनक जवाब नहीं दे सके जिससे शक और गहरा हो गया।ह्नह्न जांच में पता चला कि नेपाल के कालीकोट जिले की निवासी किशोरी को वहीं के निवासी पारस बिष्ट (21) ने शादी और बेंगलुरु में नौकरी दिलाने का झांसा दिया था। दोनों सोशल मीडिया के जरिए संपर्क में आए थे।बेंगलुरु में काम करने वाले पारस ने कथित तौर पर किशोरी को उसके परिवार को बताए बिना घर से भागने के लिए मनाया और उसे भारत ले आया। किशोरी को नेपाल पुलिस की मौजूदगी में नेपाल के गैर सरकारी संगठन को सौंप दिया गया। यह अभियान 42वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट राज रंजन के नेतृत्व में चलाया गया।

## 60 लाख की लागत से नाइट विजन कैमरे से लैस होंगी शहर की सड़कें

**बहराइच।** शहर की प्रत्येक सड़क को नाइट विजन कैमरे से लैस किया जाएगा। जिस पर कुल 60 लाख रुपये खर्च होंगे। इसके लिए जिलाधिकारी ने मंजूरी देते हुए पहली किश्त की राशि आवंटित कर दी है। जल्द ही इसका असर भी शहर की सड़कों पर दिखेगी। यह खर्च नगर पालिका के स्टाम्प ड्यूटी समेत अन्य मद से होंगे।

शहर के विभिन्न मार्गों पर भीड़भाड़ का लाभ उठाकर मनचलों द्वारा गलत हरकत की जा रही है। इससे महिला सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। जुलूस के दौरान बवाल हो जाता है, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। जिस मनचले द्वारा ऐसी हरकत की जाएगी, उसके कार्य नाइट विजन कैमरे में कैद हो जाएंगी। इतना ही नहीं एचडी नाइट विजन कैमरे में आवाज भी मनचले की कैद हो जाएगी। जिसके चलते उसके विरुद्ध पुलिस को कार्रवाई करने में कोई दिक्कत नहीं होगी। यह कार्य नगर पालिका परिषद बहराइच द्वारा जल्द ही शहर में शुरू कराया जाएगा। नगर पालिका परिषद बहराइच की अधिशाषी अधिकारी प्रमिता सिंह ने बताया कि शहर की सड़कों को आपकी सुरक्षा आपके द्वार कार्यक्रम से जोड़ा जा रहा है। इसके तहत सरकार को जिलाधिकारी मोनिका रानी के माध्यम से 60 लाख का प्रस्ताव बनाकर गया था। कार्य के लिए डीएम ने मंजूरी देते हुए प्रथम चरण के लिए 15 लाख रुपये बजट खर्च करने की अनुमति दी है। यह बजट स्टाम्प ड्यूटी समेत अन्य मद से लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि आपकी सुरक्षा आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शहर के विभिन्न मार्गों पर नाइट विजन कैमरा लगवाया जाएगा। कैमरे कई जगह स्थापित होंगे। यह सभी कैमरे आधुनिक रहेंगे। जिसमें एचडी वीडियो और फोटो के साथ आवाज भी रिकॉर्ड करेंगे। उन्होंने बताया कि किसी के द्वारा कोई गलत कार्यवाही की जाएगी तो चेहरा के साथ अन्य कार्य इसके कैमरे में कैद हो जाएगा। नगर पालिका परिषद बहराइच की अधिशाषी अधिकारी प्रमिता सिंह ने बताया कि आपकी सुरक्षा आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रथम किश्त की बजट आई है। इससे शहर के पीपल चौराहे से लेकर छावनी बाजार तक कार्य होगा। इस कार्य में महिला सुरक्षा, घटना और दुर्घटना का विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## एमएलसी व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ने किया नव निर्मित चौक का लोकार्पण

**बहराइच।** समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब की ओर से नव निर्मित घण्टाघर चौक का लोकार्पण नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सुधा टेकरीवाल व एमएलसी डा . प्रज्ञा त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से किया।घंटाघर पार्क में आयोजित समारोह में पालिका अध्यक्ष व एमएलसी ने रोटरी क्लब के कार्यों की सराहना की और कहा कि रोटरी ने चौक का पुनर्निर्माण कराकर नगर को सुंदर बनाने का कार्य किया है।रोटरी क्लब अध्यक्ष आशीष कंसल ने बताया कि चौक के सौंदर्यीकरण पर करीब चार लाख रुपये व्यय किये गये समारोह को भाजपा के निवर्तमान अध्यक्ष श्याम करन टेकरीवाल , गल्ला उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष गौरी शंकर भानीरामका आदि ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ रोटेरियन रवि कोठारी ने किया। कार्यक्रम के अंत में करीब एक सौ गरीब व निराश्रितों को कम्बल वितरित किये गये।इस मौके पर अग्रवाल समाज अध्यक्ष डा . अनिल केडिया ,कुल भूषण अरोड़ा, सुनील अग्रवाल , रोटरी सचिव दिनेश मनडोलिया , अमित अग्रवाल , अनिल सिंघल , प्रदीप रायतानी , कैलाश जालान , रामेश्वर रस्तोगी , प्रदीप केडिया आदि मौजूद रहे।

## एमओआईसी व फार्मासिस्ट को हटाये जाने के दिये गये निर्देश

### ड्यूटी चार्ट अद्यतन न पाये जाने पर डीएम एक्शन मोड में

**बहराइच।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महसी के एमओआईसी और फार्मासिस्ट को जिलाधिकारी मोनिका रानी ने हटाने के निर्देश दिए हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महसी का औचक निरीक्षण किए जाने पर चिकित्सकों स्टाफ व दवाओं की उपलब्धता, भवन व परिसर की साफ-सफाई, औषधि वितरण काउण्टर, पंजीकरण काउण्टर, अधीक्षक कक्ष, ओपीडी, इमरजेन्सी वार्ड, पीएनसी वार्ड, आरबीएसके कक्ष, चिकित्सालय भवन की साफ-सफाई तथा कूड़ा प्रबन्धन बेहतर न पाये जाने पर नाराजगी जताते हुए सीएचसी अधीक्षक डॉ. आशीष वर्मा को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। पर्चा काउण्टर के निरीक्षण के दौरान काफी भीड़ पाये जाने तथा मरीजों एवं तीमारदारों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था न होने तथा वाटर कूलर खराब पाये जाने पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए निर्देश दिया कि तत्काल व्यवस्था में सुधार लाकर चिकित्सालय आने वाले मरीजों एवं तीमारदारों के बैठने के लिए समुचित प्रबन्ध किये जाये तथा वाटर कूलर को ठीक कराया जाय। चिकित्सालय में स्थापित ड्यूटी चार्ट अपडेट न होने पर भी डीएम ने नाराजगी जतायी। डीएम ने पाया कि चिकित्सालय में स्थापित ड्यूटी चार्ट वर्ष 2022-23 से अपडेट नहीं किया गया है। डीएम ने निर्देश दिया कि ड्यूटी चार्ट को तत्काल अपडेट कराया जाय।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्थाएं दुरूस्त न पाये जाने पर डीएम ने एमओआईसी व फार्मासिस्ट को हटाये जाने के सीएमओ को निर्देश दिये। ओपीडी के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि डॉ. दिनेश रस्तोगी द्वारा 40 मरीजों को अटेन्ड किया गया, जबकि एक चिकित्साधिकारी डॉ. आयुष्मान शुक्ला के उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर थे, परन्तु निरीक्षण के समय वे उपस्थित नहीं पाये गये। अघीक्षक डॉ. वर्मा ने बताया कि डॉ. शुक्ला द्वारा रात्रि में ड्यूटी की गई है। डीएम ने अधीक्षक को निर्देश दिया कि ओपीडी के समय में वे भी चिकित्सकों को अटेण्ड करें। औषधि वितरण कक्ष के निरीक्षण करने पर पाया गया कि फार्मासिस्ट शोएब अहमद द्वारा दवाओं का वितरण किया जा रहा है। यहां पर सुव्यवस्थित ढंग से औषधि का वितरण न होने के कारण काउण्टर पर काफी भीड़ पायी गयी। डीएम ने अधीक्षक को निर्देश दिया कि दवाओं का वितरण बेहतर ढंग से करायें ताकि भीड़-भाड़. एकत्र न होने पाये।

ब्लाक लेखा प्रबन्धन कक्ष के निरीक्षण के दौरान अखिलेश कुमार उपस्थित पाये गये। यहां पर डीएम ने स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं जननी सुरक्षा योजना, प्रसूताओं के भोजन तथा चिकित्सालय द्वारा विभिन्न मदों में किये गये भुगतान से सम्बन्धित अभिलेखों का निरीक्षण किया तथा मौजूद लोगों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। आर.बी.एस.के. कक्ष के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि यहां पर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। डीएम ने पैथालोजी, इमरजेन्सी व अन्य वार्डों का निरीक्षण कर साफ-सफाई तथा मरीजों एवं तीमारदारों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान डीएम ने बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि विभागीय गाइड लाइन व सुरक्षा मानकों के अनुसार निस्तारण किया जाय। डीएम ने अधीक्षक को निर्देश दिया कि चिकित्सालय आने वाले मरीजों और तीमारदारों को शासन द्वारा अनुमन्य सुविधा उपलब्ध करायें। डीएम ने चिकित्सालय में स्थापित अग्निशमन यंत्रों को क्रियाशील रखने तथा शरद ऋतु को देखते हुए मरीजो के लिए अलाव इत्यादि की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये।

## जिले के 11 गांवों में चकबंदी प्रक्रिया प्रचलित, इनमें से तीन गांव हाईकोर्ट के स्टे आर्डर से प्रभावित

**बहराइच।** सोमवार को देर शाम चकबन्दी कार्यों की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि आने वाले समय में ग्रामों का कार्य मानक कार्यगुजारी के अनुसार करते हुए लक्षित समय में पूर्ण करायें तथा चकवन्दी न्यायालयों में लम्बित वादों में पुराने वादों/अपील/निगरानी का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरुप प्राथमिकता के आधार पर करते हुए निर्णित वाद पत्रावलियों को राजस्व अभिलेखागार में संचित करें। कब्जा परिवर्तन से सम्बन्धित प्रकरणों के सम्बन्ध में निर्देश दिया गया कि सम्बन्धित अधिकारी स्वयं मौके पर उपस्थित रहकर भौतिक रूप से कब्जा परिवर्तन की कार्यवाही सुनिश्चित करायें।बैठक के दौरान बताया गया कि जनपद बहराइच में चकबन्दी प्रक्रिया के अन्तर्गत कुल 11 ग्राम प्रचलित हैं। जिसमें ग्राम इमिलियागंज, वेलामकन, मनिकापुरकला में मा. उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश/विचाराधीन रिट से प्रभावित होने के कारण चकबन्दी कार्य बाधित है। तहसील कैसरगंज के अन्तर्गत ग्राम मीरपुरकोनिया में धारा 8 के स्तर पर पड़ताल कार्य पूर्ण हो गया है तथा जोत चकबन्दी आकार पत्र-4 की तैयार चल रही है। इसी प्रकार ग्राम मंझारा तौकली में धारा 9 के स्तर पर जोत चकबन्दी आकार पत्र 5 की तैयारी का कार्य किया जा रहा है।इसी प्रकार तहसील महसी के अन्तर्गत आने वाले ग्राम बभनौटी शहर उर्फ गोलागंज, मैकूपुरवा धारा 10 के स्तर पर है, धारा १ के अन्तर्गत वादों का निस्तारण किया जा रहा है। तहसील पयागपुर के अन्तर्गत ग्राम लक्खारामपुर धारा 10 के स्तर पर है, वादों का निस्तारण किया जा रहा है। ग्राम उधरानाठकुराइन धारा 20 के स्तर पर है, जिसमें चक निर्माण का कार्य किया जा रहा है। ग्राम गांगूदेवर कब्जा परिवर्तन स्तर पर है, जिसका कब्जा परिवर्तन नियत समय माह अप्रैल से जुलाई के बीच में किया जायेगा जबकि ग्राम राजापुरगिरन्ट धारा 27 के स्तर पर है, जिसमें जोत चकबन्दी आकार पत्र 45 की तैयारी की जा रही है।बैठक का संचालन बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी सुखेन्द्र सिंह ने किया इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी/उप संचालाक चकबन्दी देवेन्द्र पाल सिंह, चकबन्दी अधिकारी अशोक कुमार सिंह व रामसजीवन, सहायक चकबन्दी अधिकारी दीपेन्द्र कुमार, कौशल कुमार श्रीवास्तव, गया प्रसाद व राम कुमार वर्मा, कार्यालय के पी.के. दशरथ प्रसाद सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## ब्लॉक प्रमुख, बीडीओ तथा ग्राम प्रधानों ने गोद लिए गए 75 टीबी उपचारित मरीज

**बहराइच।** ऊर्जा और सामूहिकता का पर्व मकर संक्रांति के मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फखरपुर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएचसी अधीक्षक डॉ. नरेन्द्र ने की। इस विशेष कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, बीडीओ अजय प्रताप सिंह और ग्राम प्रधानों ने मिलकर टीबी से उपचारित 75 मरीजों को गोद लिया।

फखरपुर सीएचसी में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य मरीजों को केवल चिकित्सा सहायता ही नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक संबल भी प्रदान करना था। ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने अपने-अपने स्तर पर 5-5 मरीजों को गोद लेकर इस पहल को और मजबूत किया। उन्हें निक्षय पोषण पोटली दी गई, जिसमें चना, गुड़, लाई, फल और दलिया जैसे पोषणयुक्त सामग्री शामिल थी।

ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर नेहा ने बताया कि ब्लॉक में 496 टीबी मरीज हैं, जिनमें से 348 मरीजों को 2024 में गोद लिया जा चुका था और शेष 148 मरीजों को इस वर्ष गोद लिया जाएगा। 13 जनवरी और मकर संक्रांति के दिन 100 मरीजों को गोद लिया गया, और 48 मरीजों को 15 जनवरी को गोद लिया जाएगा। 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के तहत फखरपुर सीएचसी ने अब तक 4,500 से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग भी की है।

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुन्ना सिंह ने कहा मकर संक्रांति पर यह पहल खास महत्व रखती है, क्योंकि यह त्योहार एक नई शुरूआत का प्रतीक है। टीबी मरीजों को गोद लेकर हम उनके जीवन में नई उम्मीदों का संचार कर रहे हैं। समाज के हर वर्ग को इस अभियान में अपनी भूमिका निभानी चाहिए ताकि हम टीबी बीमारी को समाप्त कर सकें। सीएचसी अधीक्षक डॉ. नरेन्द्र ने इस अवसर पर कहा कि टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए सामुदायिक सहयोग बेहद जरूरी है।

मकर संक्रांति के इस शुभ अवसर पर मरीजों को गोद लेकर हम सभी ने अपनी जिम्मेदारी निभाई है। इस कार्यक्रम के जरिए हम मरीजों को न केवल चिकित्सा सहायता, बल्कि मानसिक और सामाजिक समर्थन भी प्रदान कर रहे हैं। गोद लेने के बाद उनकी देखभाल, पोषण और मनोबल बढ़ाने के लिए विशेष कदम उठाए जाएंगे ताकि उन्हें बेहतर उपचार और सहयोग मिल सके।

इस मौके पर डॉ संतोष यादव, एसटीएस पियूष, एसटीएलएस हरिकेश, एलटी शमशाद, लाल कुंवर व विशाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## ठंड और कोहरे से घरों में डूबते रहे लोग

**भांवरकोल/ गाजीपुर। मौसम** के हर दिन बदलते मिजाज से लोग काफी चिंतित-परेशान हैं। मालूम हो कि बीते सोमवार को सुबह से शाम तक आसमान साफ था।वहीं सुबह में ही सूर्य के निकलने से ठंड का प्रकोप कम हो गया था। लोगों ने राहत की सांस ली थी। पर मंगलवार मकर संक्रांति के दिन मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। सुबह से ही पूरा क्षेत्र घने कोहरे की चादर से ढका रहा,देर शाम तक सूर्य देव के दर्शन नही हुए। वहीं तापमान में तेजी से आई गिरावट ने कनकनी बढ़ा दी। जिससे लोग गर्म कपड़ों में लिपटे देर तक घरों में दुबके रहने को बेबस रहे। घने कोहरे के कारण सड़कों पर वाहनों का परिचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ। वहीं चालक सड़कों पर दिन लाईट जलाकर वाहनों का परिचालन करते दिखे।

इधर कई लोगों ने मौसम के बेरहमी रूख से मौसमी बीमारी फैलने की आशंका जताई।बहरहाल हर रोज रह-रहकर मौसम के बदलते मिजाज ने लोगों की बेचैनी बढ़ा दी है। उधर क्षेत्र में मंगलवार को दिनभर घने कोहरे से पूरी तरह ढंका रहा। कोहरा का इतना प्रकोप था कि तनिक भी धूप नही निकली। लोग धूप के लिए तरसते रहे। दिनभर ठंड लोगो को सताता रहा । गरम कपड़े पहनने के बाद भी लोग ठंड से कांपते रहे। सारा दिन लोग आग जलाकर तापते रहे। गरीब तबके के लोगो को ठंड ने ज्यादा परेशान कर रखा है। क्यो कि उन गरीबो के पास इतना गरम वस्त्र पहनने और ओढ़ने के लिए नही है। जिससे ठंड से ठीक ढंग से वह राहत पा सके। हालांकि सरकार की ओर से विभिन्न पंचायतो में कम्बल का वितरण किया जा रहा है। लेकिन इतने अधिक गरीब हैं कि सभी को सरकारी कम्बल वितरण करना सम्भव नही हो पा रहा है।

## मकर संक्रांति पर जरूरतमंदों के लिए सौगात: जाफरी ब्रिक फील्ड पर गरीब परिवारों को बांटे गए कंबल

**बहराइच**

जाफरी ब्रिक फील्ड पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के नगर उपाध्यक्ष एवं भट्टा संचालक जावेद जाफरी ने गरीब और असहाय परिवारों के लिए कंबल वितरित कर मानवीय संवेदनाओं का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गरीब और जरूरतमंद परिवारों ने भाग लिया। कंबल प्राप्त करने के बाद उनके चेहरे पर जो खुशी झलकी, वह इस पहल की सफलता को बखूबी बयां करती है। ठंड के इस मौसम में कंबल वितरण से इन परिवारों को बड़ी राहत मिली है। कार्यक्रम में जावेद जफर ने कहा, "मकर संक्रांति केवल एक पर्व नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण का प्रतीक है। गरीबों की मदद करना हमारा कर्तव्य है।उनकी मुस्कान ही हमारी सबसे बड़ी सफलता है।यह पहला अवसर नहीं है जब भाजपा नगर उपाध्यक्ष व भट्टा संचालक जावेद जाफरी ने इस प्रकार की सेवा की हो। वह हमेशा गरीबों और असहाय लोगों की मदद के लिए तत्पर रहते हैं चाहे ठंड में कंबल वितरण हो, गर्मियों में पानी की व्यवस्था, या अन्य सामाजिक कार्य, उनकी पहल समाज में सकारात्मक संदेश देती है।कार्यक्रम में अल्पसंख्यक मंडल अध्यक्ष आवेद अहमद, जमील अहमद, निजाम, रामचंदर वर्मा, विजय यादव, शोएब अहमद, महताब अहमद सहित तमाम लोग मौजूद रहे। मौजूद लोगों ने इस नेक कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा की। यह पहल न केवल जरूरतमंदों के जीवन में खुशियां लेकर आई, बल्कि समाज के अन्य लोगों को भी प्रेरित किया कि वे जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएं।इस मकर संक्रांति पर जाफरी ब्रिक फील्ड पर आयोजित यह कार्यक्रम सच्चे अर्थों में सेवा और दान की भावना को प्रकट करता है। ऐसे कार्य समाज में आपसी सौहार्द और मानवता की भावना को और मजबूत बनाते हैं।

## मण्डलायुक्त का औचक निरीक्षण: अटल आवासीय विद्यालय में मिली अनेक अनियमिततायें



**आजमगढ़**

**मण्डलायुक्त वि**वेक ने अपने औचक निरीक्षण के क्रम में सोमवार को तहसील सदर अन्तर्गत ग्राम गंभीरवन स्थिति अटल आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया जहॉ अनेक अनियमिततायें पाई गयीं। उन्होंने देर सायं तक चले निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पाई गयी भारी अनियमितताओं पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए उप श्रमायुक्त राजेश कुमार एवं श्रम प्रवर्तन अधिकारी देवेन्द्र सिंह को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही विद्यालय के नोडल अधिकारी सहायक श्रमायुक्त पवन कुमार सोनकर के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही किए जाने तथा प्रधानाचार्य ब्रज किशोर नरायन सिंह को विद्यालय से हटाने की संस्तुति प्रेषित किए जाने का निर्देश दिया। इसके अलावा विद्यालय में तैनात एक लिपिक आशुतोष राय जिसे लाइब्रेरियन का भी दायित्व सौंपा गया था, के विरुद्ध कई गंभीर शिकायतें मिलने पर मण्डलायुक्त ने उसकी सेवा को तत्काल प्रभाव से समाप्त किए जाने का भी निर्देश दिया।मण्डलायुक्त विवेक ने विद्यालय में छात्र छात्राओं से सीधे संवाद कर पठन पाठन, आवासीय सुविधाओं, भोजन, हास्टल में मिलने वाली सुविधाओं, पाठ्य सामग्री की उपलब्धता, खेलकूल, स्टेशनरी, विद्यालय और हास्टल की साफ सफाई आदि के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अपने निरीक्षण के क्रम में सबसे पहले कतिपय कक्षाओं में जाकर बच्चों की पढ़ाई की गुणवत्ता का जायजा लिया। उनके द्वारा पूछे गये सामान्य प्रश्नों का उत्तर दिया गया। कक्षाओं के बच्चों द्वारा अवगत कराया गया कि उन्हें एक साल में 12 कापियॉ तथा दो कलम ही दिये गये हैं। इसके अलावा जो बैग दिये गये थे वे फट गये हैं, पीने के लिए आरओ का पानी उपलब्ध नहीं होता है। खेल के मैदान में जमीन से काफी कंकर निकल रहे हैं, जिससे खेलने में प्रायः चोट लग जाती है। छात्र छात्राओं द्वारा यह भी बताया गया कि हास्टल की हफ्ते में दो तीन बार ही सफाई होती है, जबकि प्रतिदिन सफाई होनी चाहिए। यह भी बताया गया कि साफ सफाई के लिए झाड़ू, नहाने के लिए साबुन, शैम्पू तथा तेल, ब्रश, टूथपेस्ट आदि भी नहीं दिया जा रहा है। छात्राओं द्वारा बताया गया कि भण्डार पाल द्वारा पहले उन्हें 6-6 साबुन दिये गये थे, परन्तु बाद में 2-2 साबुन वापस ले लिए गये गये। इसके अलावा छात्र छात्राओं द्वारा भोजन मीनू के अनुसार नहीं दिये जाने तथा भोजन की क्वालिटी अत्यन्त खराब होने आदि सहित कई अन्य शिकायतें की गयी। मण्डलायुक्त ने छात्र, छात्राओं से प्राप्त शिकायतों की पुष्टि के लिए पूरे टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ को प्रिन्सिपल के चैम्बर में एकत्र कर सम्पादित कार्यों की समीक्षा किया तो कई अनियमिततायें प्रकाश में आईं तथा छात्र छात्राओं द्वारा की कई अधिकांश शिकायतों की पुष्टि हुई। उन्होंने भोजन के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों के परिप्रेक्ष्य में मेस में जाकर भोजन की गुणवत्ता को स्वयं परखा तो पाया कि चावल अत्यन्त खराब क्वालिटी का पकाया गया है, जिससे खराब महक आ रही थी तथा उसमें काफी मात्र में कंकर पत्थर भी पाये गये। इसी प्रकार सब्जी और दाल में बहुत अधिक पानी मिलाकर बिल्कुल पतला बनाया गया है। मण्डलायुक्त द्वारा भोजन की लाइन में बच्चों से भोजन के सम्बन्ध में जानकारी करने पर बताया गया कि मीनू में फल, दही, सलाद, पनीर, दूध आदि कई प्रकार की खाद्य सामग्री का प्राविधान है, परन्तु उन्हें मीनू के अनुसार भोजन कभी नहीं मिलता है। फल के नाम पर कभी कभी उन लोगों को केवल केला ही दिया जाता है, अन्य कोई फल नहीं दिया जाता है। सुबह जो चाय दी जाती है उसमें केवल पानी और चीनी ही रहती है, दूध और चाय पत्ती नाम मात्र की होती है। यह भी विदित हुआ कि लन्च का टाइम 1.40 बजे का है परन्तु निरीक्षण के समय बच्चे 2.25 बजे अर्थात आधा घण्टा से अधिक समय से लाइन में खड़े पाये गये। मण्डलायुक्त विवेक ने इसके बाद ब्वायज हास्टल एवं गर्ल्स हास्टल का भी मुआयना किया, जहॉ साफ सफाई की स्थिति अन्यन्त खराब पाई गयी। ब्वायज हास्टल के शौचालय में लगे चार वाश बेसिन में से एक की टोंटी टूटी हुई थी, दो की मेन पाइप गायब थी, केवल एक वाश बेसिन संचालित था। इसी प्रकार शौचालयों का फ्लश खराब था, उसकी सफाई भी कई दिनों से नहीं की गयी थी।

## सी आई एस एफ और वायुसेना की संघर्ष पूर्ण जीत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सी आई एस एफ और भारतीय वायुसेना ने अपने अपने मैच जीत कर डीएसए प्रीमियर लीग में पूरे अंक अर्जित किए। नेहरू स्टेडियम मैदान पर खेले गए करीबी मुकाबलों में सी आई एस एफ ने बमुश्किल तरुण संघा को 2-1 से और वायुसेना ने यूनाइटेड भारत को 3-0 से हराया। वहीं एक अन्य मैच में नेशनल यूनाइटेड एफ सी ने पिछले विजेता गढ़वाल एफ सी को 1-1 की बराबरी पर रोक कर महत्वपूर्ण अंक छीन लिया। सी आई एस एफ के लिए मोहम्मद खालिद और राजदीप ने गोल जमाए। तरुण संघा का गोल ओलेन सिंह ने किया। गढ़वाल और नेशनल के मध्य खेले गए मैच में नेशनल ने अधिकांश समय दबदबा बनाया। हालांकि 14 वें मिनट में मुस्तफा के गोल से गढ़वाल ने बढ़त बनाई लेकिन नेशनल ने लगातार हमलावार रुख अपनाकर सीमन विश्वास के गोल से बराबरी पाई। वायुसेना की जीत का आकर्षण प्लेयर ऑफ द मैच यश तेओटिया रहा, जिसने दो दर्शनीय गोल जमाए। एक गोल यशराज सिंह ने किया।

## ऑस्ट्रेलियन ओपनः बोपन्ना-निकोलस की जोड़ी पुरुष युगल के पहले दौर में हारी

**मेलबर्न ।** भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और कोलंबिया के निकोलस बैरिएंटोस की जोड़ी ऑस्ट्रेलियन ओपन पहले दौर में स्पेन की पेड्रो मार्टिनेज और जाउमे मुनार की जोड़ी से हारकर युगल स्पर्धा से बाहर हो गई। आज यहां करीब दो घंटे तक चले मुकाबले में बोपन्ना और बैरिएंटोस की जोड़ी को मार्टिनेज और मुनार की जोड़ी से



5-7, 6-7 से हार का सामना करना पड़ा। मैच की शुरुआत में भारत और कोलंबिया की जोड़ी ने अच्छी शुरुआत की थी लेकिन वे आखिरी समय तक अपनी लय कायम नहीं रख सके और मुकाबला हार गये। पहले सेट में स्पेन की जोड़ी ने महत्वूपर्ण अंक अर्जित कर जीत दर्ज की। वहीं दूसरे सेट में भी मुकाबला बराबरी पर चल रहा था अंततः स्पेनिश जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।

## सट्टेबाजी मामले में हिरासत में लिए गए सेविला के डिफेंडर सालास

**मैड्रिड।** सेविला के डिफेंडर किके सालास को पुलिस ने हिरासत में लिया और धोखाधड़ी के संदेह में मोरोन डे ला फ्रोंटेरा शहर की अदालत में पेश किया। 22 वर्षीय किके सालास पर अवैध सट्टेबाजी के लिए जानबूझकर पीले कार्ड हासिल करने का संदेह है, साथ ही कई अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया गया है, जो उनके परिवार और परिचितों के करीबी माने जाते हैं।स्पेन के एल कॉन्फिडेंशियल अखबार की रिपोर्ट के अनुसार जांचकर्ताओं का मानना है कि सालास के परिवार और दोस्तों ने 10,000 यूरो प्रति माह जीतने के लिए लगभग 30 अलग-अलग दांव लगाए होंगे। जांच 2023-2024 सत्र के अंत में खेले गए कई मैचों पर केंद्रित है, जहां सालास को पिछले नौ मैचों में सात पीले कार्ड दिखाए गए थे, जिनमें से अधिकांश पीले कार्ड खेल के अंतिम मिनटों में आए थे।

## प्रीमियर लीगः लिवरपूल ने नॉटिंघम फॉरेस्ट के खिलाफ ड्रा खेलकर छह अंकों की बढ़त बरकरार रखी

**लंदन।** लिवरपूल ने नॉटिंघम फॉरेस्ट के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेलकर प्रीमियर लीग में अपनी छह अंकों की बढ़त बरकरार रखी। फॉरेस्ट के स्ट्राइकर क्रिस वुड ने अपने शानदार सत्र को जारी रखते हुए, आठवें मिनट में एक तेज जवाबी हमले के बाद बाएं पैर से गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिलाई। लिवरपूल ने 66वें मिनट में बराबरी हासिल की, जब कोच आर्ने स्लॉट के प्रतिस्थापन ने काम किया, उन्होंने कोस्टास सिमिकास की जगह डिओगो जोटा को मैदान में उतारा, जिन्होंने मैदान में आने के एक मिनट बाद ही गोल कर लिवरपूल को 1-1 से बराबरी दिला दी। लिवरपूल ने अंतिम मिनटों में दबदबा बनाए रखा और मैच ड्रा करा लिया, इस परिणाम के साथ फॉरेस्ट ने आर्सेनल से आगे निकलकर दूसरे स्थान पर कब्जा कर लिया, हालांकि आर्सेनल अगर बुधवार को जीतता है तो लिवरपूल की बढ़त को चार अंकों तक सीमित कर सकता है।चेल्सी और बोर्नमाउथ ने 2-2 से रोमांचक ड्रा खेला, जिसमें मेहमान टीम ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 2-1 की बढ़त हासिल की, इससे पहले रीस जेम्स ने 95वें मिनट में बराबरी कर ली।

14वें मिनट में चेल्सी ने वापसी की, लेकिन एंटोनी सेमेनियो पर पुश के बाद जस्टिन क्लुइवर्ट द्वारा दिए गए पेनल्टी ने 50वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। इसके बाद सेमेनियो ने 68वें मिनट में व्यक्तिगत प्रयास करते हुए बोर्नमाउथ को आगे कर दिया। 95वें मिनट में जेम्स ने निचले कोने में फ्री-किक से गोल कर चेल्सी को 2-2 से बराबरी दिला दी।

# भारतीय महिलाओं ने दक्षिण कोरिया को 157 अंकों से हराकर रचा इतिहास

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला टीम ने खो खो विश्वकप के अपने पहले मुकाबले में दक्षिण कोरिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए 175-18 से ऐतिहासिक जीत की। आज रात इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में भारतीय महिला टीम ने बेहतरीन ड्रीम रन और शानदार रक्षात्मक रणनीतियों के साथ अपने कौशल का प्रदर्शन करते टूर्नामेंट में पहली जीत हासिल की। भारतीय टीम के आगे दक्षिण कोरिया की टीम संघर्ष करती नजर आई। चैत्रा बी, मीरू और कप्तान प्रियंका इंगले ने लगातार ड्रीम रन बनाकर भारतीय टीम के लिए लय बनाई। पहले दो बैच ने एक-एक अंक अर्जित किया। इस रणनीतिक शुरुआत ने दक्षिण कोरिया द्वारा पहले टर्न के अंत में हासिल किए गए 10 टचपॉइंट को बेअसर करने में मदद की। अपने हक में हालात के आते ही भारतीय टीम ने पूरी ताकत से हमला किया। नसरीन शेख, प्रियंका इंगले और रेशमा राठौड़ की गतिशील



तिकड़ी के नेतृत्व में, केवल नब्बे सेकंड में, टीम ने डिफेंडरों के खिलाफ तीन ऑल आउट जीत हासिल की, जिससे स्कोर 24 हो गया। केवल 18 सेकंड बाद, उन्होंने दक्षिण कोरिया पर चौथा ऑल आउट किया, जिससे उनकी बढ़त 22 अंकों की हो गई। रेशमा राठौड़ ने प्रभावशाली छह टचपॉइंट के साथ शानदार प्रदर्शन किया, जबकि मीनू ने अन्य डाइव के माध्यम से 12 अंकों के साथ शानदार प्रदर्शन किया, जिससे टीम का स्कोर काफी बढ़ गया। दूसरे टर्न के आखिर तक भारतीय टीम ने 16 बैचों को खत्म कर दिया, जिससे स्कोर 94-10 हो गया। तीसरे टर्न में भी भारतीय महिलाओं उसी तीव्रता को बनाए रखा और ड्रीम रन के माध्यम से तीन अंक जोड़े। दक्षिण कोरिया ने टर्न 3 की दूसरी पारी में केवल आठ अंक ही हासिल किए, जबकि भारत का दबदबा कायम रहा।अंतिम टर्न ने मैच पर टीम इंडिया के अटूट नियंत्रण को दर्शाया, जिसने अपने विरोधियों को कभी भी लय बनाने का मौका नहीं दिया। मैच का समापन भारत द्वारा दक्षिण कोरिया के 18 अंकों के मुकाबले 175 अंकों के विशाल स्कोर के साथ हुआ, जिसने टूर्नामेंट के महत्वपूर्ण चरणों में प्रवेश करने के साथ ही अपने समूह की अन्य टीमों को एक जोरदार संदेश दिया। आज के मैच में भारतीय टीम की निर्मला भाटी को सर्वश्रेष्ठ अटैकर, दक्षिण कोरिया की एस्तेर किम को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर तभा भारतीय टीम की नसरीन शेख को मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवजा गया।

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन में मेदवेदेव ने पहले राउंड में गुस्से में नेट पर लगा कैमरा तोड़ा



एजेंसी

**मेलबर्न।** रूस के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी डेनिल मेदवेदेव ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में मुश्किल शुरुआती राउंड में संयम खोते हुए नेट पर लगे कैमरे को अपने रैकेट से तोड़ दिया। मेदवेदेव ने बाद में धैर्यपूर्ण तरीके से खेले हुए यह मुकाबला जीत लिया। आज यहां दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी मेदवेदेव ने दुनिया में 418वें नंबर के प्रतिद्वंद्वी थाईलैंड के कासिडित समरेज खिलाफ तनावपूर्ण संघर्ष के दौरान पांच सेटों में 6-2, 4-6, 3-6, 6-1, 6-2 से हराया। नेट पर लगे कैमरे को तोड़े जाने की यह घटना उस समय हुई जब तीसरे सेट के आखिर समरेज ने सर्विस करके मैच में 2-1 से बढ़त बना ली तो मेदवेदेव ने अपना संयम खो दिया। इसके बाद चेयर अंपायर ने मेदवेदेव को रैकेट के दुरुपयोग के लिए चेतावनी दी।

## श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने दिल्ली एसजी पाइपर्स को 1-0 से हराया

एजेंसी

**रांची।** श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 में दिल्ली एसजी पाइपर्स के खिलाफ 1-0 से मामूली अंतर से जीत दर्ज की। आज यहां रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में कैथरीन मुलान (23') ने दूसरे क्वार्टर में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स के लिए गोल दाग कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद बंगाल टाइगर्स ने बढ़त को कायम रखने के लिए जी-जान से संघर्ष किया। दिल्ली एसजी पाइपर्स ने पहले क्वार्टर में पांच मिनट शेष रहते दो पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए लेकिन ग्रेस ओ'हैनलॉन ने शानदार बचाव करते हुए दिल्ली के प्रयास विफल कर दिये। टाइगर्स ने क्वार्टर के आखिरी मिनट में पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया, लेकिन गोल करने में विफल रहे। दिल्ली एसजी पाइपर्स ने दूसरे क्वार्टर की



शुरुआत में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किये लेकिन स्टेफनी डी ग्रूफ के शॉट को ग्रेस ओ'हैनलॉन ने फिर से रोक दिया। पाइपर्स ने तीसरे क्वार्टर में अपनी गति और बढ़ा दी, जिसमें नवनीत कौर ने ओपन प्ले और पेनल्टी कॉर्नर से गोल करने का प्रयास किया लेकिन वह अंतिम समय तक गोल करने में विफल रहीं। इस दौरान आक्रामक और रक्षात्मक खेल के बीच श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने 1-0 की मामूली बढ़त को बनाये रखते हुए मुकाबला जीत लिया।

## भारतीय खो खो टीम ने ब्राजील को 64-34 से हराया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय पुरुष टीम ने खो खो विश्वकप में मंगलवार रात खेले गये मुकाबले में रणनीतिक कौशल का रोमांचक प्रदर्शन करते हुए ब्राजील पर 64-34 से जीत दर्ज की। यहो इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में ब्राजील ने भारत के खिलाफ आक्रामक शुरुआत करते हुए 16 अंक हासिल किए, लेकिन भारतीय ने शानदार वापसी करते हुए ड्रीम रन के दौरान दो अंक अर्जित किए।

दूसरे टर्न में भारतीय टीम ने आक्रामक शुरुआत की और आखिर में टीम को प्रभावशाली 36 अंक दिलाए। लेकिन जब ऐसा लग रहा था कि भारतीय टीम जीत की ओर बढ़ रही हैं, तभी ब्राजील ने तीसरे टर्न में वापसी की। ब्राजील ने तीसरे टर्न में भारत पर दबाव बनाया, इस दौरान मौरो पिंटो, जोएल रोड्रिग्स और विशेष रूप से मैथियस कोस्टा ने छह टचपॉइंट बनाए। टीम ने कड़ी मेहनत की और अंततः वापसी की, भारत के 38 अंकों के जवाब में टचपॉइंट मिले, जिससे मेजबान टीम ने खो-खो विश्व कप 2025 के




प्रभावशाली 34 अंक बनाए, जिससे मैच के अंतिम सात मिनट बेहद रोमांचक हो गए। आदित्य गणपुले और कप्तान प्रतीक वाइकर की अगुआई में भारतीय टीम ने चौथे टर्न में बहुत अच्छी वापसी की। रोकेसन सिंह ने स्काई डाइव्स के जरिए चार अंक भी बनाए और मेहुल को दो दूसरे दिन शानदार जीत हासिल की। मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय टीम के पाबरी सबर को मैच का सर्वश्रेष्ठ अटैकर तथा प्रतीक वाइकर को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं ब्राजील के मैथियस कोस्टा को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का पुरस्कार मिला।

# वीजा देरी के कारण अबू धाबी में इंग्लिश टीम के प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा नहीं ले पाएंगे साकिब महमूद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के भारत दौरे से पहले, इंग्लिश तेज गेंदबाज साकिब महमूद वीजा देरी के कारण अबू धाबी में अपनी टीम के प्रशिक्षण शिविर से चूक जाएंगे। साकिब को इंग्लैंड की वनडे और टी20 दोनों टीमों में शामिल किया गया है।

ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को उम्मीद है कि 22 जनवरी को सीरीज के अपने पहले टी20 मैच के लिए पूरी टीम के कोलकाता जाने से पहले वीजा की समस्या का समाधान हो जाएगा। पाकिस्तानी मूल के अंग्रेजी खिलाड़ियों के लिए वीजा में देरी एक परिचित समस्या है। इससे पहले 2024 में, इंग्लैंड के स्पिनर शोएब बशीर को वीजा मिलने में देरी के कारण हैदराबाद में भारत के खिलाफ इंग्लैंड के पहले टेस्ट मैच से बाहर कर दिया गया था। ईसीबी ने दिसंबर 2024 को भारत के व्हाइट-बॉल दौरे



के लिए टीमों की घोषणा की, जिसमें तीन वनडे, पांच टी20 और आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 शामिल है। पांच मैचों की टी-20 सीरीज 22 जनवरी को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शुरू होगी। दूसरा मैच 25 जनवरी को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में होगा। तीसरा मैच 28 जनवरी को राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में खेला जाएगा। चौथा और पांचवां मैच क्रमशः 31 जनवरी और 2 फरवरी को पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट स्टेडियम और मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। वनडे सीरीज 6 फरवरी को नागपुर के वीसीए स्टेडियम में शुरू होगी। दूसरा वनडे 9 फरवरी को कटक के बाराबती स्टेडियम में खेला जाएगा, जबकि अंतिम मैच 12 फरवरी को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा।

इंग्लैंड की टीम इस प्रकार है-

वनडे टीमः जोस बटलर (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्से, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, जेमी स्मिथ, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, जो रूट, साकिब महमूद, फिल साल्ट, मार्क वुड।

टी20 टीमः जोस बटलर (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्से, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, जेमी स्मिथ, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, साकिब महमूद, फिल साल्ट, मार्क वुड।

## रूणे ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के रोमांचक मुकाबले में झांग को हराया

एजेंसी

**मेलबर्न।** डेनमार्क के स्टार टेनिस खिलाड़ी होल्गर रूणे ने पांच



सेटों तक चले रोमांचक मुकाबले में चीन के झांग झिझेन को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 के दूसरे दौर में जगह बना ली है।आज यहां मार्गरेट कोर्ट एरिना में तीन घंटे दस मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मकाबले में होल्गर रूणे ने झांग झिझेन पर 4-6, 6-3, 6-4, 3-6, 6-4 से जीत दर्ज की।अगले दौर में रूणे का मुकाबला इटली के माटेओ बेरेटिनी से होगा।

## बुमराह और सदरलैंड ने जीता 'प्लेयर ऑफ द मंथ' का पुरस्कार

एजेंसी

**दुबई।** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड को आईसीसी 'प्लयेर ऑफ द मंथ' के खिताब से नवजा गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने दिसंबर 2024 के प्लेयर ऑफ द मंथ की घोषणा की। बुमराह ने पैट कमिंस और डेन पैटर्सन को पछाड़कर यह पुरस्कार जीता। उन्हें दूसरी बार पुरुष वर्ग में आईसीसी 'प्लेयर ऑफ द मंथ' चुना गया है। आस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटर सदरलैंड ने स्मृति मंधाना और एन म्लाबा को पीछे छोड़ते हुए यह पुरस्कार जीता है। उनको भी दूसरी बार महिला वर्ग के आईसीसी 'प्लेयर ऑफ द मंथ' के खिताब से नवजा गया है। बुमराह ने दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज के तीन मैचों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 14.22 की औसत से 22 विकेट लिए थे। आस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटर







सदरलैंड ने दिसंबर में भारत के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में एक शतक के साथ 122 रन बनाए थे तथा छह विकेट लिए थे। वहीं न्यूजीलैंड के खिलाफ दो एकदिवसीय मैचों में 147 रन बनाने के साथ ही तीन विकेट झटके थे। पुरस्कार जीतने के बाद बुमराह ने कहा, दिसंबर के लिए आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ चुने जाने पर मैं रोमांचित हूं। व्यक्तिगत रूप से पुरस्कृत होना हमेशा अच्छा होता है और अपने प्रयासों के लिए पहचाना जाना हमेशा अच्छा लगता है। ऑलराउंडर सदरलैंड ने कहा, दिसंबर हमारे लिए एक शानदार रहा और टीम की सफलता में योगदान दे पाना अच्छा रहा।

## गिल रहेंगे पंजाब की रणजी टीम के लिए उपलब्ध

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** खराब फॉम से जूझ रहे भारतीय टीम के बल्लेबाज शुभमन गिल ने 23 जनवरी से बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में पंजाब के कर्नाटक के साथ छठे दौर के रणजी ट्रॉफी मुकाबले के लिए उपलब्ध रहने की पुष्टि की है। रणजी ट्रॉफी के छठे दौरे के लिए पंजाब ने टीम की घोषणा नहीं की है। अगर पंजाब की टीम में गिल की वापसी होती है तो उन्हें रणजी इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी और पंजाब के कोच के साथ काम करने का अवसर प्राप्त होगा। भारतीय टीम को गर्मियों में इंग्लैंड दौरे पर पांच टेस्ट मैच खेलने है। टीम में वापसी को लेकर गिल को अपनी फार्म में सुधार करना होगा। पंजाब के लिए गिल आखिरी बार 2022 में रणजी ट्रॉफी में खेले थे। पंजाब टीम वर्तमान में ग्रुप ए में पांच मैचों में एकमात्र जीत के साथ पांचवें स्थान पर हैं। भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर और मुख्य



चयनकर्ता अजीत अगरकर ने शीर्ष खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय मैचों के बाद अपने-अपने राज्य की टीमों के लिए खेलने को उपलब्ध कराये जाने की बात कही है।

## फार्म के लिए रोहित ने किया मुम्बई प्रशिक्षण शिविर में अभ्यास

एजेंसी

**मुम्बई।** खराब फार्म से जूझ रहे भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने 23 जनवरी से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी के दूसरे राउंड की शुरुआत से पहले वानखेड़े स्टेडियम में मुम्बई की टीम के साथ दो घंटे तक अभ्यास किया। रोहित छठे राउंड में जम्मू कश्मीर के खिलाफ होने वाले मैच से पहले एक सप्ताह तक अभ्यास करेंगे। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वह मैच में खेलेंगे या नहीं। मुख्य कोच ओमकार साल्वी की सलाह से ग्रुप के साथ प्रशिक्षण लेने की उनकी उत्सुकता को देखते हुए ऐसा माना जा रहा है कि वह कम से कम दो शेष मैचों में से एक के लिए उपलब्ध हो सकते हैं। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन इस सप्ताह के आखिर में टीम की घोषणा कर सकती है।रोहित की अपनी प्रथम श्रेणी टीम के साथ ऐसे समय वापसी हुई जब कि उनके टेस्ट भविष्य को लेकर लगातार चर्चा हो रही है।

सिडनी टेस्ट के बाद भारत के



मुख्य कोच गौतम गंभीर ने टेस्ट खिलाड़ियों के लिए घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अधिक से अधिक खेलने के महत्व पर बल दिया था। उन्होंने कहा था कि खेल में बहुत सी चीजे बदलती हैं। फॉर्म बदलती हैं, लोग बदलते हैं, रवैया बदलता है। खेल में सब कुछ बदल जाता है और हम सभी जानते हैं कि पांच महीने का समय बहुत लंबा होता है। इंग्लैंड सीरीज से पहले देखते हैं कि क्या होने वाला है। लेकिन जो भी होग वह भारतीय क्रिकेट के सर्वोत्तम हित में होगा। गत रणजी ट्रॉफी चैंपियन मुंबई वर्तमान में ग्रुप ए में पांच मैचों में तीन जीत के साथ तीसरे स्थान पर हैं, दूसरे स्थान पर मौजूद जम्मू और कश्मीर से केवल एक अंक पीछे हैं।

# चेन्नइयन एफसी पर लीग डबल पूरा करना मोहम्मडन स्पोर्टिंग का लक्ष्य

एजेंसी

**कोलकाता।** मोहम्मडन एससी की टीम अपने घरेलू मैदान किशोर भारती क्रीड़ांगन में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में चेन्नइयन एफसी की मेजबान करेगी, तो उसका लक्ष्य अपना पहला लीग डबल हासिल करना होगा जबकि मरीना माचान्स किसी नई-नवेली टीम के हाथों ऐसी शर्मनाक स्थिति से बचना चाहेंगे। मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने अपने पिछले तीन मैचों (1 जीत, 2 ड्रा) में अपराजित रहकर रक्षात्मक मजबूती दिखाई है, जिसमें उनकी पिछले अवे मैच में बेंगलूरू एफसी पर 1-0 की जीत भी शामिल है। वहीं, चेन्नइयन एफसी घर से बाहर अपने पिछले तीन मैच बिना गोल किए हारी है।

मोहम्मडन एससी 15 मैचों में दो जीत, चार ड्रा और नौ हार से 10 अंक लेकर तालिका में 12वें स्थान पर है। वहीं, चेन्नइयन एफसी 15 मैचों में चार जीत, चार ड्रा और सात हार से 16 अंक लेकर तालिका में 10वें स्थान पर है। मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने इस सीजन में हैडर के जरिये छह गोल खाए हैं, जो संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा हैं। चार हैडर से गोल करने वाली चेन्नइयन एफसी मेजबान टीम की इस कमजोरी का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। मोहम्मडन (26) ने चेन्नइयन



एफसी (22) की तुलना में ज्यादा बड़े मौके बनाए हैं, लेकिन उसकी 19.2फीसदी की रूपांतरण दर लीग में सबसे कम है। चेन्नइयन एफसी अपने पिछले तीन अवे मैचों में गोल करने में विफल रही है। लाडिनपुइया प्रति मैच 6.2 बार कब्जा फिर हासिल करते हैं, अब तक 21 टैकल किए हैं और 77त्र सटीकता के साथ प्रति मैच 32 पास किए हैं। रूसी हेड कोच आंद्रेई चेर्निशोव ने ब्लैक पैंथर्स को अपनी क्षमताओं पर भरोसा बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, मैं इन खिलाड़ियों के साथ काम करके काफी खुश हूं। जीत ने हमारे अंदर सकारात्मकता पैदा की है। मैं अपने खिलाड़ियों से खुद पर यकीन करने के लिए कहता रहता हूं। मरीना माचान्स के स्कॉटिश हेड कोच ओवेन कॉयल ने अपनी टीम से रक्षात्मक रूप से अधिक अनुशासित रहने को कहा।उन्होंने कहा, हम अभी भी सामान्य खेल रहे हैं। हमें अपना स्तर वापस पाने की कोशिश करनी होगी। हमें डिफेंस में कड़ी मेहनत करनी होगी और अगर हम ऐसा करते हैं, तो हम मैच जीतना शुरू कर देंगे। बता दें कि आईएसएल में दोनों टीमों के बीच एक मुकाबला हुआ है, जिसमें मोहम्मडन स्पोर्टिंग पहली जीत का स्वाद चखा था। मोहम्मडन एससी ने चेन्नइयन एफसी को 1-0 से हराया था।

# राहुल पहुंचे रिठाला, नाले को देख केजरीवाल पर किया कटाक्ष



## 'ये है केजरीवाल जी की 'चमकती' दिल्ली – पेरिस वाली दिल्ली!

**नई दिल्ली**
कांग्रेस नेता राहुल गांधी रिठाला क्षेत्र पहुंचे और स्थानीय लोगों से मुलाकात और बातचीत की। इस दौरान उन्होंने रिठाला इलाके में नाले के आसपास का क्षेत्र भी देखा और दिल्ली सरकार पर कटाक्ष किया। राहुल गांधी रिठाला इलाके में पूर्वांचलियों से मिले। उन्होंने महिलाओं के साथ नुक्कड़ सभा में भाग लिया और मकरसंक्रांति के अवसर पर दहीं चुरा खाया। वहीं इलाके के नाले के आसपास के क्षेत्र का दौरा कर राहुल ने दिल्ली सरकार पर कटाक्ष किया। उन्होंने एक्स पर वीडियो साझा करते हुए कहा कि ये है केजरीवाल जी की 'चमकती' दिल्ली - पेरिस वाली दिल्ली! उल्लेखनीय है कि इससे पहले उन्होंने सभी को मकर संक्रांति, पोंगल, सुग्गी हब्बा, माघी, खिचड़ी, पौष पर्व, उत्तरायण, भोगाली बिहू और मकरविलक्कू की हार्दिक शुभकामनाएं दी थी। उन्होंने कामना की कि ये फसल उत्सव सभी के लिए आशा, समृद्धि और खुशियों से भरा मौसम लेकर आएं। कल राजधानी दिल्ली में राहुल गांधी ने अपने चुनावी अभियान की शुरूआत की थी। उन्होंने इस दौरान केन्द्र की भाजपा और राज्य की आम आदमीपार्टी की सरकार पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि मोदी और केजरीवाल दोनों नहीं चाहते कि दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को उनका हक मिले। सिर्फ कांग्रेस ही समान भागीदारी और संविधान की रक्षा के लिए लगातार आवाज उठा रही है। आप सभी दिल्लीवासी इस फर्क को समझिए।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने झोंकी पूरी ताकत

**नई दिल्ली**
**दिल्ली विधानसभा चुनाव को** लेकर हलचल तेज हो रही है. विधानसभा चुनाव में अब सिर्फ तीन हफ्ते का वक्त बाकी है। ऐसे में भाजपा, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पूरी ताकत झोकती नजर आ रही है। सोमवार 13 जनवरी को राहुल गांधी ने सीलमपुर में जनसभा को संबोधित कर दिल्ली में कांग्रेस के चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत की थी। सीलमपुर के बाद राहुल गांधी दिल्ली की रिठाला विधानसभा पहुंचे। जहां उन्होंने लोगों के बीच जाकर पर्व मनाया। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली के रिठाला विधानसभा पहुंचकर महिलाओं और बच्चों के साथ दही-चूड़े की थाली का स्वाद चखा। राहुल गांधी ने लोगों को मकर संक्रांति की बधाई दी। काफी देर तक राहुल गांधी ने लोगों से अनधिकृत कालोनियों समेत विभिन्न स्थानीय मुद्दों पर बातचीत की। रिठाला विधानसभा सीट से कांग्रेस पार्टी ने सुशांत मिश्रा को टिकट दिया है। जबकि इस सीट पर आम आदमी पार्टी के टिकट पर मोहिंदर गोयल और भाजपा के टिकट पर कुलवंत राणा मैदान में हैं।

## हत्या के मामले में चार आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली**
पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर इलाके में झगड़े का बदला लेने के लिए चार युवकों ने एक युवक की ईंट व पत्थरों से हमाल कर हत्या कर दी। मृतक की पहचान दीन दयाल उर्फ पवन यादव (26) के रूप में हुई है। देर रात पेपर मार्केट में पवन जख्मी हालत में मिला था। एलबीएस अस्पताल ले जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। मंगलवार सुबह पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों ने खुलासा किया है कि उन्होंने झगड़े का बदला लेने के लिए वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने वारदात के समय पहने कपड़े और हत्या में इस्तेमाल पत्थरों को बरामद कर लिया है। पूर्वी जिले के डीसीपी अभिषेक धानिया ने बताया कि सोमवार देर रात पेपर मार्केट से उनकी टीम को खबर मिली कि पवन नामक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर मौजूद अंकित ने बताया कि हत्या राहुल ठाकुर, इरफान, संदीप उर्फ खोखा, निखिल व दो अन्यों ने की है। पुलिस ने अंकित से जानकारी जुटाने के बाद रातभर छापेमारी कर मंगलवार सुबह चार आरोपितों को दबोच लिया। आरोपितों की पहचान खोड़ा कालोनी निवासी इरफान (24), संदीप कुमार (24), राहुल ठाकुर (23) और निखिल गौतम उर्फ निक्कू (25) के रूप में हुई है।

# कालकाजी सीट से सीएम आतिशी ने भरा नामांकन



**नई दिल्ली**
**दिल्ली** विधानसभा चुनाव 2025 के लिए कालकाजी सीट से आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार मुख्यमंत्री आतिशी ने नामांकन दर्ज कर दिया। इस दौरान आतिशी ने कहा कि 'मैंने कालकाजी विधानसभा से अपना नामांकन किया है। कालकाजी के लोगों से मुझे प्यार मिला है। उम्मीद है इस बार भी प्यार मिलेगा।' वहीं आतिशी ने इस मौके पर नई दिल्ली सीट से बीजेपी उम्मीदवार प्रवेश वर्मा पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, "पूरे देश ने देखा, टीवी ने लाइव चलाया, प्रवेश वर्मा 1100 रुपये बांट रहे हैं। इसके बाद प्रवेश वर्मा ने ट्वीट कर के ये पोस्ट की कि वे हेल्थ कैंप कर रहे हैं। फिर वे किदवई नगर में चादर बांट रहे हैं। उसमें चुनाव आयोग को कोई उल्लंघन नहीं दिखता। सवाल तो उठता है कि पुलिस किसके साथ है। चुनाव आयोग ने फ्री एंड फेयर चुनाव का आश्वासन दिया है। वरना ये सवाल तो उठेगा कि कुछ तो दाल में काला है।"

## सीएम आतिशी पर एफआईआर, किया था चुनाव प्रचार में सरकारी गाड़ियों का इस्तेमाल

**नई दिल्ली**
दिल्ली में विधानसभा चुनाव 2025 के बीच मुख्यमंत्री आतिशी की रैली को लेकर विवाद सामने आया है। आरोप है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सरकारी गाड़ियों का इस्तेमाल अपनी रैली में किया, जो आचार संहिता का उल्लंघन है। इस मामले में पीडब्ल्यूडी के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के खिलाफ गोविंदपुरी थाना इलाके में एफआईआर दर्ज की गई है। रिटर्निंग ऑफिसर की ओर से की गई जांच में पाया गया कि चुनाव प्रचार के दौरान सरकारी गाड़ियों का उपयोग किया जा रहा था, जिसे आचार संहिता के खिलाफ माना गया। इस मामले में शिकायत में सीधे तौर पर सीएम आतिशी का नाम लिया गया था। आरोप है कि आतिशी ने अपने निजी कार्यालय के लिए सरकारी वाहन का इस्तेमाल किया और इसे चुनाव प्रचार में भी लगाया। जांच के बाद पीडब्ल्यूडी के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर को जिम्मेदार ठहराया गया। सामने आया कि उक्त इंजीनियर ने सरकारी वाहन को लेकर आदेश दिया और उसे आतिशी के प्रचार कार्य के लिए उपलब्ध कराया। इसके बाद रिटर्निंग ऑफिसर ने इस मामले में एफआईआर दर्ज करवाई और संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात की। चर्चा है कि चुनाव आयोग की ओर से मामले की गहराई से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**भड़के केजरीवाल बोले- सड़ा गला सिस्टमः** इस पूरे मामले पर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की भी प्रतिक्रिया सामने आई है जहा उन्होंने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा है कि इनके नेता खुलेआम पैसा बांटते हैं, साड़ी, कंबल, सोने की चैन आदि बांटते हैं, फजी वोट बनवाते हैं, फिर भी एक एफआईआर तक दर्ज नहीं होती, लेकिन मुख्यमंत्री आतिशी जी के खिलाफ तुरंत एफआईआर हो जाती है।
आम आदमी पार्टी पूरे सिस्टम के खिलाफ लड़ रही है।

# एटीएस ने किया वाहन चोरी गैंग का भंडाफोड़, 10 गिरफ्तार 16 वाहन बरामद



**पूर्वी दिल्ली**
उत्तर पूर्वी दिल्ली के एएटीएस/एनईडी टीम ने वाहन चोरों के एक बड़े गैंग का भंडाफोड़ किया है। टीम ने 10 शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 16 वाहन भी बरामद किए हैं। हालांकि इस पूरे ऑपरेशन में दो पुलिसकर्मियों को चोट भी आई हैं। अधिक जानकारी देते हुए उत्तर-पूर्वी दिल्ली के डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया कि टीम एएटीएस/एनई को सक्रिय ऑटो चोरों पर अंकुश लगाने का काम सौंपा गया था। निदेशों का पालन करते हुए, टीम ने स्थानीय स्तर पर तैनात स्त्रोतों से जानकारी एकत्र की और उत्तर-पूर्वी जिले के विभिन्न स्थानों पर जाल बिछाया। 10/01/25 को, एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, इंस्पेक्टर योगेश वशिष्ठ के नेतृत्व में टीम में एएसआई उपेन्द्र कुमार, एएसआई सिद्धार्थ, हेडकांस्टेबल कृष्ण, हेडकांस्टेबल पवित, हेडकांस्टेबल संदीप, हेडकांस्टेबल दीपक, हेडकांस्टेबल रोहित, हेडकांस्टेबल देव बसंत शामिल थे। , एचसी हेमंत, डब्ल्यू/एचसी पूजा, सीटी। मुकेश और सीटी. एसीपी/ऑपरेशंस की देखरेख में मोनू ने मीत नगर फ्लाईओवर के नीचे जाल बिछाया। वाहनों की जांच के दौरान टीम ने दो मोटरसाइकिल पर सवार चार लोगों को रोका। वाहनों के स्वामित्व संबंधी कागजात के बारे में पूछने पर वे कोई उपलब्ध नहीं करा सके। उनकी पहचान अनुज, उम्र-20 वर्ष पुत्र राजबीर निवासी अशोक नगर, दिल्ली और 03 सीसीएल के रूप में हुई। विस्तृत जांच करने पर, उन्होंने लगभग 20-25 दोपहिया वाहनों की चोरी में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उनकी निशानदेही पर चोरी की 5 और मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। तदनुसार, धारा 35.1(ई) और 106 बी.एन.एस.एस. के तहत कार्रवाई की गई। उनके विरुद्ध थाना ज्योति नगर कायमी की गई।
इसके अलावा, पीसी रिमांड के दौरान, आरोपी अनुज की निशानदेही पर, एएटीएस और पीएस भजनपुरा की संयुक्त टीम ने रिसीवर्स दिनेश सिंह, उम्र-27 साल और राहुल, उम्र-34 साल से 5 और चोरी के दोपहिया वाहन बरामद किए।

# स्कूलों को धमकी के मामले में मनगढ़ंत कहानी बयां कर रही भाजपा- आआपा नेता संजय सिंह



**नई दिल्ली**
**आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह** ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि दिल्ली के स्कूलों को उड़ाने की कई धमकी दी जा चुकी है, लेकिन पुलिस अब तक कुछ नहीं बता पाई और आज भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी इस मामले में मनगढ़ंत कहानी बनाकर आ गए। यह बेहद शर्मनाक है कि भाजपा स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मामले को अपने राजनैतिक नफा-नुकसान के लिए इस्तेमाल कर रही है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ के साथ मंगलवार को पार्टी मुख्यालय पर संयुक्त प्रेस वार्ता की। संजय सिंह ने भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा नेताओं ने राजनीति का स्तर नीचे गिरा दिया है। बच्चों को बम से उड़ाने की धमकी की घटना दिल्ली में पहली बार मई के महीने में हुई। आज लगभग 9 महीने बीत जाने के बाद तक भी इसको लेकर दिल्ली पुलिस की तरफ से कोई प्रयास नहीं किया गया और अब जब चुनाव में मात्र 15-20 दिन रह गए हैं तो भाजपा के नेता सुधांशु त्रिवेदी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं और पता नहीं किस-किस एनजीओ का हवाला देकर बयान दे रहे हैं। संजय सिंह भाजपा से पूछा कि देश की राजधानी दिल्ली के रोहिणी में जो बम धमाके की घटनाएं हुईं, उनमें कितने अपराधी पकड़े गए? दिल्ली की कोर्ट में जज के सामने हत्या हो गई, उस मामले में क्या हुआ? एक महिला का बलात्कार करके उसे कई किलोमीटर तक दिल्ली की सड़कों पर घसीटा गया, उस मामले का क्या हुआ? दिल्ली के अंदर गैंगवार हुए, उस मामले में क्या निकला? भाजपा सुरक्षा जैसे मुद्दे को अपने राजनैतिक नफा-नुकसान के लिए इस्तेमाल कर रही है।
संजय सिंह ने क्या देश की सुरक्षा के मामले में भी भाजपा इस प्रकार की ओछी राजनीति करेगी? बिना प्रमाण के कुछ भी आकर बोल देना ये कौन सी राजनीति है?

## दिल्ली कांग्रेस ने 70 विधानसभाओं का दौरा करने के लिए एल.ई.डी. वैन लॉन्च की



**नई दिल्ली**
दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. नरेंद्र नाथ ने पांच एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो दिल्ली के सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में घूम कर मतदाताओं को कांग्रेस की पांच गारंटियों और जनता से किए गए वादों को पूरा करने में केजरीवाल सरकार की घोर विफलता के बारे में बताएं कि पिछले 10 वर्षों में शहर का विकास करने की जगह दिल्ली को बर्बाद कर दिया है।

**संरक्षकः** संजय शुक्ला,( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)
**सलाहकार संपादकः** रिजवान सैफ खान
**सह सपांदकः** मोहम्मद दानिश फारुकी ,
**सह संपादकः** राम सिंह यादव
उक्त सभी पद अवैतनिक है

# आआपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भोजपुरी भाषा में नया कैंपेन सॉन्ग किया लॉन्च



**नई दिल्ली**
आम आदमी पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भोजपुरी भाषा में नया कैंपेन सॉन्ग लॉन्च किया है। इस गीत का बोल "ए राजा जी, फिर से केजरीवाल के जरूरत... आइल बा मुहुरत हो" है। भोजपुरी कैंपेन गीत को लॉन्च कर आम आदमी पार्टी (आआपा) के सांसद संजय सिंह ने कहा कि यह गाना 'आप' की विविधता की सोच को दशार्ता है कि हम सभी भाषा, वर्ग, धर्म और जाति का सम्मान करते हैं। वहीं, विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि इस गीत में पूर्वांचल की मिट्टी की गंध है। यह गीत पूर्वांचल समाज के लोगों के दिलों तक पहुंचेगा और उन्हें आआपा से और भी मजबूती से जोड़ेगा।सांसद संजय सिंह ने कहा कि हम दिल्ली के अंदर चुनाव प्रचार में 'फिर लाएंगे केजरीवाल' कैंपेन गाने के बाद भोजपुरी भाषा में भी कैंपेन गाना लॉन्च कर रहे हैं। इस गाने को हिंदी जानने वाले सभी लोग भी अच्छी तरह समझ सकते हैं। हम इस गाने को दिल्ली में चुनाव प्रचार के लिए इस्तेमाल करेंगे। यह गाना आआपा की विविधता की सोच को भी दशार्ता है कि हम सभी भाषा, वर्ग, धर्म और जाति का सम्मान करते हैं।

## बर्खास्त ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर ने सुप्रीम कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की



**नई दिल्ली**
महाराष्ट्र की बर्खास्त ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर ने सुप्रीम कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर किया है। पूजा खेडकर ने दिल्ली हाई कोर्ट की ओर से अग्रिम जमानत याचिका खारिज करने के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। दिल्ली हाई कोर्ट ने 23 दिसंबर को पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। हाई कोर्ट ने कहा था कि प्रथम दृष्टया यूपीएससी के साथ फजीवाड़े का आरोप सही प्रतीत होता है। हाई कोर्ट ने कहा कि पूजा खदेड़कर दिव्यांग और ओबीसी कैटेगरी में लाभ की हकदार नहीं हैं। पूजा खेडकर प्रोबेशन के दौरान अवैध मांग करने को लेकर विवादों में घिर गई थीं। कलेक्टर सुहास दिवासे ने खेडकर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। विवाद बढ़ने के बाद पूजा खेडकर पर महाराष्ट्र सरकार ने कार्रवाई करते हुए उनकी ट्रेनिंग पर रोक लगा दिया था और पूजा खेडकर को फील्ड पोस्टिंग से हटाकर मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) में रिपोर्ट करने का आदेश दिया गया।

## दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने बरामद किए 2 करोड़ के मोबाइल

**नई दिल्ली**
दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की साइबर सेल की टीम ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। साइबर सेल की टीम ने चोरी के मोबाइल फोन के बड़े रैकेट का पदार्फाश करते हुए 195 महंगे मोबाइल फोन बरामद किए हैं। जिनकी कीमत करीब 2 करोड़ रुपये है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।
क्राइम ब्रांच के डीसीपी संजय सेन के मुताबिक पकड़े गए आरोपी की पहचान मनीष यादव के रूप में हुई है। जो गाजियाबाद के लोनी का रहने वाला है। आरोपी के पास से महंगे मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।
पूछताछ में आरोपी मनीष ने बताया कि वो बच्चों और चोरों के जरिए दिल्ली-एनसीआर के भीड़भाड़ वाले इलाकों जैसे मेट्रो स्टेशन, बसें और बाजारों से मोबाइल चोरी करवाता था। फिर इन मोबाइलों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में खासकर पड़ोसी देशों में थोक में सप्लाई करता था।
दरअसल साइबर सेल की टीम को जानकारी मिली थी कि वजीराबाद गांव में चोरी के मोबाइल फोन का बड़ा स्टॉक रखा गया है। टीम ने वजीराबाद की गली नंबर 6 में जाल बिछाकर मनीष के ठिकाने पर छापा मारा और आरोपी को उसके ठिकाने से गिरफ्तार किया। छापेमारी के दौरान मनीष ने भागने की कोशिश भी की लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया।
बरामद किए गए 195 मोबाइल फोन में से 29 फोन चोरी और गुमशुदगी के मामलों से जुड़े पाए गए है। 8 फोन ई-एफआईआर में दर्ज है, 21 फोन गुमशुदगी की रिपोर्ट से जुड़े है, 38 फोन किसी रिकॉर्ड में दर्ज नहीं है, 128 फोन इनएक्टिव मिले है। पुलिस ने सभी अलग-अलग थानों को इस बरामदगी की जानकारी दे दी है ताकि कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद फोन उनके मालिकों को दिया जा सके। फिलहाल, मामले की गहन जांच जारी है। पुलिस के मुताबिक मनीष यादव 2017 में भी चोरी के मोबाइल फोन के मामले में गिरफ्तार हो चुका है। उस पर खजूरी खास इलाके में चार केस दर्ज है।

## उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे को एमएनआरई का अतिरिक्त प्रभार

**नई दिल्ली**
**केंद्र** सरकार ने उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे को मंगलवार को नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। खरे को नियमित नियुक्ति या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, तक तत्काल प्रभाव से एमएनआरई का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने तत्काल प्रभाव से इस नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी